23:01:2024

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर

हमारी नज़र

web: www.rashtriyakhabar.com | पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 15 अंक ›› 023 | epaper.rashtriyakhabar.com | पौष, शुक्लपक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत 2080





## शहर >> अपडेट

### कैबिनेट की बैठक 24 को



**रांची:** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 24 जनवरी बुधवार को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम 4:00 बजे से प्रोजेक्ट भवन में होनेवाली इस बैठक में कोई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये जायेंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी किया और सभी विभागों को पत्र लिख कर कैबिनेट से जुड़े संलेख विभाग को भेजने को कहा है।

आरोप

झामुमो का सनसनीखेज आरोप

# हेमंत को दिल्ली ले जाकर गिरफ्तारी दिखाने का था प्लान

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने एक निजी समाचार चैनल से बातचीत में केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास में जब हेमंत सोरेन से पूछताछ हो रही थी तभी रांची एयरपोर्ट पर एक विशेष विमान खड़ा था। प्लान ये था कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को परिसर में घुसाकर हेमंत सोरेन को दिल्ली ले जाया जाए।

वहीं गिरफ्तारी दिखाई जाए। झामुमो ने सोमवार को भी सीआरपीएफ को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे। रविवार को झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के दौरान सीएम आवास के पास केंद्रीय रिजर्व




बल की तैनाती पर गंभीर सवाल उठाए थे। झामुमो ने आरोप लगाया रांची जिला प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा-144 लगा होने के बावजूद वहां सीआरपीएफ की तैनाती हेमंत सोरेन सरकार को अपदस्थ करके झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश थी।

झामुमो ने कहा कि पूर्व नियोजित साजिश के तहत सीआरपीएफ की तैनाती की गई। सीआरपीएफ जवान, सीएम आवास के बाहर जमा झामुमो कार्यकताओं से उलझे। प्लान ये था कि वहां प्रदर्शनकारी उग्र हों। जवानों के साथ उनकी झड़प हो जाए। हिंसा भड़के और फिर संवैधानिक तंत्र की विफलता का आरोप लगाकर हेमंत सोरेन सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जा सके। झामुमो ने इसे संघीय ढांचे पर कायराना हमला बताया था। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने झामुमो के आरोपों पर पलटवार किया है। बीजेपी ने उल्टा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर पूछताछ के दौरान अपने समर्थकों को इकट्ठा कर अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है।

बीजेपी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो नेता अपने कार्यकताओं को सीआरपीएफ जवानों पर सेंदरा करने और हमला करने के लिए उकसा रहे थे। मुख्यमंत्री समर्थकों की भीड़ जुटाकर केंद्रीय एजेंसियों, देश, संविधान और न्यायपालिका को डराने का प्रयास कर रहे थे। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

### भाजपा ने किया पलटवार

**रांची:** प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झामुमो के सीआरपीएफ पर दिये बयान पर पलटवार किया है। झामुमो की ओर से कहा गया था कि सीआरपीएफ लगाकार राज्य सरकार के खिलाफ साजिश की गई थी, और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश थी। इसपर प्रतुल ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में फंसे मुख्यमंत्री ध्यान बांटने के लिए जानबूझ कर राज्य को अराजकता में झोकना चाहते हैं। प्रतुल ने पूछा कि शनिवार को हजारों लोगों को तीर धनुष और हथियार के साथ बुलाकर मुख्यमंत्री क्या देश की न्यायिक व्यवस्था, न्यायाधीशों,केंद्रीय एजेंसियों या देश के संविधान को डराना चाह रहे थे?प्रतुल ने कहा कि पूछताछ के दौरान जिस तरीके से झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने भड़काऊ नारे लगाए, धारा 144 का उल्लंघन किया। टीवी चैनलों पर झामुमो के नेताओं के लगातार ईडी और सीआरपीएफ पर हमला और सेंदरा करने का आह्वान चलता रहा। अभी तक उनके खिलाफ कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं होना यह सिद्ध करता है कि यह सारा प्रदर्शन राज्य सरकार की ओर से प्रायोजित था।

अधिकांश जिलों में खुले खाते

# अबुआ आवास योजना: लाभार्थियों को सीधे खाते में मिलेगी राशि

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अबुआ आवास योजना के तहत राज्य के 19 जिलों में चिह्नित लाभुकों के बैंक खाता खोल दिए गये हैं। लाभुकों को उनके खाते में पहली किस्त के रूप में 30-30 हजार रुपये दिए जायेंगे। इस योजना से करीब 19 जिलों में लगभग 2 लाख लाऊुकों के खाते में 482 करोड़ 7 लाख 90 हजार रुपये का भुगतान किया जायेगा। हालांकि, इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में करीब 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। शेष जिलों में बैंक खाते खोलने का निर्देश दिया गया है, जिसकी प्रक्रिया चल रही है। यह राशि आवास निर्माण के लिए सिर्फ उपयोग में आयेगा और यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि इसका उपयोग किसी हालात में दूसरे कार्यो के लिए नहीं किया जायेगा।ग्रामीण विकास विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार राशि का भुगतान



एफटीओ के जरिये सीधे लाभार्थियों के खाते में की जायेगी जिससे योजना का लाभ सही व्यक्त्यिों तक पहुंचें। बोकारो, धनबाद, दुमका, गुमला, रामगढ़ जिलों में अबुअ आवास योजना के तहत बैंक खाते खोलने की प्रक्रिया की जा रही है। बता दें कि, झारखंड में 31 लाख से अधिक आवेदन अबुआ आवास योजना से आवास के लिए प्राप्त किये गये हैं, जिनमें से करीब 30 लाख आवेदन के कागजातों की जांच कर सत्यापित किया गया है। इस साल दो लाख आवास स्वीकृत किए जायेंगे।

राहुल गांधी की मुहब्बत की दुकान से घबरायें असम के सीएम

# सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं: राजेश ठाकुर




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राहुल गांधी को असम के नगांव में पुलिस-प्रशासन ने वैष्णव संत शंकरदेव के जन्मस्थान पर जाने से रोक दिया था। राहुल गांधी को रोके जाने को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समक्ष उपस्थित हो कर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, ग्रामीण अध्यक्ष राकेश किरण महतो, प्रदेश प्रवक्ता सतीश पाल मूंजनी और वेद प्रकाश तिवारी सहित कई पार्टी के नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री के कृत्य के विरोध में प्रदेश के सभी जिलों के कार्यालयों में काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज कराया गया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी के काफिले को रोकने और हमला करने का प्रयास किया गया। मंदिर जाने से रोका जा रहा है। असम के सीएम हेमंत बिस्वा सरमा पूरी तरीके से इस यात्रा से घबरा गये हैं। इसलिए इस तरह के निर्णय ले रहे हैं। हमारे नेता लोगों के बीच गये और समझा बुझा कर वहां से निकले। सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं किया जा सकता है। राहुल गांधी जो नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोलने निकले हैं, वह खुल कर रहेगी।

# सभी रिश्तों को भगवान राम ने दिल से निभाया : आदित्य

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अयोध्या श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर आज झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल के लालपुर डिस्टलरी पुल स्थित आवास में मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम जी का हवन-पूजन किया गया। 11 पंडितों द्वारा प्रातः 11 बजे से पूरे मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अनुष्ठान हुआ। आदित्य विक्रम जयसवाल पूरे परिवार के साथ पंडित राजेश के सानिध्य में अनुष्ठान सपन्न किये। इसके उपरांत भजन-कीर्तन हुआ और श्रीरामभक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। अनुष्ठान कार्यक्रम में केशव महतो कमलेश, संजय पांडे, मुन्ना सिंह, प्रोफेशनल्स कांग्रेस की प्रदेश सचिव मीनाक्षी सिंह , अंकुर अनिल कोऑर्डिनेटर श्रवण जैन,



पायल जैन, सरवर पॉल ,लोकसभा अध्यक्ष भुवनेश ठाकुर ,प्रभात अग्रवाल, अनिल सिंह ,महानगर अध्यक्ष कृष्ण सहाय ,ग्रामीण अध्यक्ष संजीव महतो शामिल थे। इस मौके पर पुजारियों ने भजन के माध्यम से बताया कि भगवान राम अपने गुणों की वजह से ही मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए है। भगवान राम एक महान राजा थे। उन्होंने दया, सत्य, सदाचार, मयार्दा, करुणा और धर्म का पालन किया। भगवान राम ने समाज के लोगों के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया था। इसी कारण से उनको मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। भगवान राम में ऐसे कई गुण पाए जाते हैं, जो वर्तमान में हर इंसान में होना बेहद आवश्यक है। रामायण में उनके चरित्र और कामों का जिक्र किया गया है, जो उनके मौलिक मानवीय और आदर्शों को गुणों को प्रस्तुत करते हैं।झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल जी ने कहा कि भगवान श्रीराम के कई मित्र थे। हर वर्ग के व्यक्तियों और सभी जाति के साथ भगवान राम ने मित्रता की भूमिका निभाई। सभी रिश्तों को भगवान राम ने दिल से निभाया। चाहे वो निषादराज या विभीषण और केवट हो या सुग्रीव। भगवान श्रीराम के मार्ग पर हमसभी लोगों को चलने की जरूरत है तभी देश व राज्य सुख-शांति, समृद्ध हो पायेगा। मौके पर मनोरंजन जायसवाल,प्रीयोरंजना जायसवाल, शशि रंजन जायसवाल, जया जयसवाल ,विजयश्री सहदेव, सूर्य विजय जायसवाल, अभ्युदय विजय जायसवाल, नवीन जयसवाल,पप्पू जयसवाल, बबलू जायसवाल ,प्रेम कुमार, नितिन निशांत, विकी गोप,विवेक धन आदि कई लोग मौजूद थे।

# झारखण्ड का भविष्य आम आदमी पार्टी हांथों में ही सुरक्षित है :आबिद अली

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रविवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में राँची जिला कार्यकर्त्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह प्रदेश उपाध्यक्ष सह दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल संगठन निर्माण प्रभारी अजय भगत के नेतृत्व में संपन्न हुआ।मौके पर दो दर्जन से अधिक समर्थकों के साथ राजेश लिंडा ने पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित प्रदेश सह संयोजक प्रेम कुमार ने कहा की कार्यकर्त्ता संगठन के रीड होते है प्रदेश सचिव आबिद अली ने संगठन की मजबूती पर बल देते हूए कहा की झारखण्ड का भविष्य आम आदमी पार्टी हांथों में ही सुरक्षित है प्रदेश उपाध्यक्ष श्री हरि



सिंह, श्री हारेंद्र चौबे ने भी विचार रखा।कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में आनन्द प्रकाश, कौशल किशोर महली, प्रवीण कच्छप, अशोक उराव,धर्मवीर प्रशाद , अल्बर्ट एक्का, मनोज पूनोरिया,कृष्ण किशोर, मनोज कुमार रवि आदि का विशेष योगदान था।

# ईडी की सवालों की बौझार और मुख्यमंत्री का जवाब के बाद अब आगे क्या!

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बीते शनिवार के दिन राजधानी रांची ही नहीं, बल्कि पूरा झारखंड प्रदेश की निगाहे सिर्फ और सिर्फ कांके स्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आवास पर टिकी थी। जहां दिन भर गहमागहमी के साथ ही सर्द रात तक एक अजब सी तपिश महसूस हुई । कई सवाल फिंजा में अभी भी उलझे धागे के मानिंद फैले हुए हैं। आखिर आगे क्या होगा , क्या ईडी की जांच की अभी ये अंत था या फिर शुरूआत है। या फिर अभी पूरी पिक्चर ही बाकी हैं। ईडी ने 7 घंटे तक जमीन घोटाले को लेकर जोर-शोर से पूछताछ की और उन चिजों को जानने के लिए सवाल पर सवाल दागे , जो जमीन घोटाले में मिले दस्तावेजों से



उनकी भूमिका को इशारे कर रही थी।

बताया जा रहा है कि जांच एजेंसी ने तकरीबन 50 सवाल दागे , जिसमे हेमंत सोरेन ने कुछ सवालों का जवाब बेबाकी से तो किसी मे उन्होंने जानकारी नहीं होने का हवाल दिया। पूछताछ के दौरान ईडी ने उनके और उनके परिवार के आय के संबंध में जानकारी मांगी ।बरियातू डीएसवी स्कूल के पास 8.46 एकड़ जमीन के विषय में सवाल पूछा । सबसे अहम प्रश्न ये रहा कि उनका बड़गाई अंचल के पूर्व राजस्व कर्मचारी भानू और अंचलाधिकारी मनोज कुमार से क्या सबंध रहा है। साथ ही काउंटर सवाल में भानू के द्वारा ईडी के दिए जवाब पर भी प्रश्न पूछे गये । ध्यान रहे कि जमीन घोटाले को लेकर ही ईडी ने छापेमारी की थी , जिसमे कई दस्तावेज मिले थे और कई गिरफ्तारियां भी हुई थी। जिसमे रांची के पूर्व डीसी छविरंजन, पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश , कारोबारी अमित अग्रवाल समेत कई नामचीन लोग सलाखों में बंद हैं

ईडी हेमंत सोरेन से काफी मशशकत के बाद यानि तकरीबन सात समन भेजने के बाद उनसे जमीन घोटाले के संबंध में सवाल-जवाब किया। लेकिन, वो इन उत्तरों से उतनी संतुष्ट नजर नहीं आ रही है। इसके लिए ईडी अधिकारियों ने रविवार को उनसे वक्त मांगा , लेकिन, उन्होंने इंकार कर दिया। इस मामले में ईडी लगता है कि एकबार और सीएम सोरेन से बयान दर्ज करवा सकती है। सात घंटे ईडी के सवालों का जवाब देने के बाद बाहर जब हेमंत निकले, तो उनके समर्थकों का हुजूम नजर आया। मुख्यमंत्री गरजते हुए और केन्द्र की तरफ इशारा करते हुए बोला कि षडयंत्रकारियों की साजिश कामयाब नहीं होगी। हम उनकी साजिशों को टुकड़े-टुकड़े कर राज्य का विकास कर रहे हैं। अब उनके ताबूत में आखिरी किल ठोकने का समय आ गया है।

सवालों की तपिश से गरमाए सीएम हेमंत सोरेन भड़ास केन्द्र की भाजपा सरकार को निकाली । इसका मतलब यही था कि ईडी सियासत से प्रेरित होकर काम कर रही है, जिसस वे डरने और हटने वाले नहीं हैं। बल्कि मुंहतोड़ जवाब देंगे।

खैर अभी तो ईडी का जो हल्ला और डर था, मुख्यमंत्री अपने आवास में ही बुलाकर जांच एजेंसी के सवालों का जावब दे दिया और एक कशकमश और बवाल को भी थोडी देर के लिए शांत कर दिया । लेकिन, ये शांति कुछ दिन की रहेगी और इसके बाद फिर इस सन्नाटे के बाद तूफान आयेगा। इससे इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि ईडी आगे भी उनसे जमीन घोटाले को लेकर पूछताछ करेगी ।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी ने मूर्ति .. .. .. ..

पहले राम मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया।

कार्यक्रम स्थल पर कई मेहमान मौजूद थे, जिनमें बॉलीवुड आइकन अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन और रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ और विक्की कौशल जैसे अन्य सुपरस्टार शामिल थे। क्रिकेट आइकन सचिन तेंदुलकर और अनिल कुंबले भी पहुंचे हैं राम मंदिर। प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी और बेटी ईशा अंबानी को भी इस कार्यक्रम में पहुंचने से पहले दिखाया गया था। इस कार्यक्रम के लिए महान अभिनेता रजनीकांत भी आज राम मंदिर में हैं।

आज के राम मंदिर उद्घाटन के लिए विपक्षी दलों को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने इस आयोजन को राजनीतिकरण करने और इस साल के लोकसभा चुनाव से पहले इसे एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने से इनकार कर दिया। दूसरी तरफ विधि विधान के अनुसार आयोजन नहीं होने की बात कहते हुए शंकराचार्यों ने इस आयोजन से खुद को अलग कर लिया था। दो शंकराचार्यों ने औपचारिक तौर पर इस मंदिर में धार्मिक नियमों का पालन नहीं किये जाने की बात कही थी।

### खड़ाऊं से लेकर पोशाक .. .. ..

है और इसका वजन 3610 किलोग्राम है। यदि इसे सीधा खड़ा किया जाए तो यह कुतुब मीनार के आधे से अधिक हो जाएगा। इसे बनाने में छह महीने लगे। 376 किलो गुग्गुल या लोहबान सामग्री, इतनी ही मात्रा में नारियल के छिलके, 190 किलो घी, 420 किलो सुगंधित पौधे और 1470 किलो गुड़। बता दें कि शनिवार को ही अयोध्या में अगरबत्ती जलाई गई थी। हालांकि, अगर इस अगरबत्ती को एक बार जलाया जाए तो यह लगातार डेढ़ महीने तक जलती रहती है।इसके अलावा गुजरात से एक नागडू भी आया है। बाजना जो मंदिरों में विशेष अवसरों पर बजाने के लिए एक बड़े ढाक जैसा दिखता है। सोने की प्लेट में लपेटा हुआ 56 इंच व्यास का नागाडु मंदिर के सामने वाले प्रांगण में रखा गया है। इसके अलावा, सूरत के एक जौहरी ने 5000 अमेरिकी हीरे और 2 किलो चांदी से एक हार बनाया है। ठीक उसी रेट से राम मंदिर मॉडल लॉकेट बनाया गया है। हार के माला वाले हिस्से पर रामायण के पात्र उकेरे गए हैं। राम मंदिर के लिए सूरत के कपड़ा केंद्र से विशेष साड़ियां बनाई गई हैं। सीता के लिए बनाई गई थी राम की तस्वीर वाली खास साड़ी, 1100 किलो वजनी दीपक बड़ौदा से आया था बड़ौदा में एक किसान पांच धातुओं यानी सोना, चांदी, तांबा, लोहा और जस्ता से बने दीपक में 851 किलो घी रखेगा। दीपक देर तक जलता रहेगा। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से पांच लाख लड्डू और चार करोड़ 31 लाख बार राम नाम लिखा कागज भी भेजा जाएगा।

कश्मीर से 2 किलो केसर आया है। विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा, कश्मीर के मुस्लिम भाइयों और बहनों ने यह उपहार दिया है। श्रीलंका सरकार के प्रतिनिधियों ने आकर अशोक वाटिका का विशेष पत्थर दिया है। राम मंदिर के लिए नेपाल से कम से कम 3000 उपहार आए। इनमें चांदी के जूते, गहने और कीमती कपड़ों से बने कपड़े शामिल हैं। राम मंदिर के लिए अफगानिस्तान तक से उपहार भेजे गए हैं। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि काबुल नदी का जल राम मंदिर के लिए भेजा गया है।

### विरोध में सड़क पर बैठे राहुल .. .. ..

करने से रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम सरकार पर दबाव डाला। राहुल को आज सुबह हैबोरगांव में रोक दिया गया, जिसकी वजह से वह जन्मस्थल पर नहीं जा सके।जयराम रमेश ने कहा कि उनके वाहन पर 21 जनवरी को उस जिले में हमला किया गया था, जहां असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के भाई पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य करते हैं। असम के सोनितपुर जिले में स्थित जमुगुरीहाट में जयराम रमेश के वाहन पर कथित हमला किया गया था।

संयुक्त विपक्षी मंच ने कांग्रेस नेताओं पर हमले की निंदा की, हिमंत बिस्वा सरमा के इस्तीफे की मांग की.22 जनवरी को असम के सोनितपुर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, जयराम रमेश और भूपेन बोरा पर हमले और तोड़फोड़ की घटनाओं की निंदा की।अखिल गोगोई के नेतृत्व में संयुक्त विपक्षी मंच ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं पर हमले की कड़ी निंदा की। और हिमंत बिस्वा सरमा के इस्तीफे की मांग की है।

### देर रात गोधरा में किया .. .. ..

करने में सक्षम है। मामले के सभी 11 दोषी बकाभाई वोहानिया, बिपिन चंद्र जोशी, केसरभाई वोहानिया, गोविंद नाई, जसवन्त नाई, मितेश भट्ट, प्रदीप मोरधिया, राधेश्याम शाह, राजूभाई सोनी, रमेश चंदना और शैलेश भट्ट अब फिर से गोधरा जेल पहुंच गये हैं।

### हम जैसा देखते हैं वैसा .. .. ..

पीएलओएस बायोलॉजी में प्रकाशित निष्कर्ष, रंग अंधापन, उम्र से संबंधित दृष्टि हानि और फोटोरिसेप्टर कोशिकाओं से जुड़ी अन्य बीमारियों की समझ बढ़ाते हैं। वे यह भी प्रदर्शित करते हैं कि कैसे जीन मानव रेटिना को विशिष्ट रंग-संवेदन कोशिकाएं बनाने का निर्देश देते हैं, वैज्ञानिकों का मानना है कि यह प्रक्रिया थायराइड हार्मोन द्वारा नियंत्रित होती है।

वैज्ञानिक अभी भी पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं कि किसी की दृष्टि को प्रभावित किए बिना हरे और लाल शंकु का अनुपात इतना भिन्न कैसे हो सकता है। जॉनसन ने कहा, यदि इस प्रकार की कोशिकाएं मानव बांह की लंबाई निर्धारित करती हैं, तो विभिन्न अनुपात आश्चर्यजनक रूप से भिन्न तरीके से प्रतिक्रिया देंगे।

मैक्यूलर डिजनरेशन जैसी बीमारियों की समझ विकसित करने के लिए, जो रेटिना के केंद्र के पास प्रकाश-संवेदन कोशिकाओं के नुकसान का कारण बनती है, शोधकर्ता अन्य जॉन्स हॉपकिन्स प्रयोगशालाओं के साथ काम कर रहे हैं। लक्ष्य उनकी समझ को गहरा करना है कि शंकु और अन्य कोशिकाएं तंत्रिका तंत्र से कैसे जुड़ती हैं। जॉनसन ने कहा, भविष्य की आशा इन दृष्टि समस्याओं वाले लोगों की मदद करना है। ऐसा होने में थोड़ा समय लगेगा, लेकिन सिर्फ यह जानना कि हम इन विभिन्न प्रकार की कोशिकाएँ बना सकते हैं, बहुत ही आशाजनक है।

### साइबर ठग राम मंदिर भक्तो .. .. .. ..

शिकार होने से बचने के लिए नागरिकों को उचित सत्यापन के बिना दान करने के खिलाफ चेतावनी दी जाती है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजॅन के खिलाफ श्री राम के प्रसाद के रूप में दूसरी मिठाइयों की बिक्री से संबंधित भ्रामक व्यापार प्रथाओं का आरोप लगाते हुए कार्रवाई शुरू की। मंदिर अयोध्या प्रसाद के तौर पर पहचाने गए उत्पादों में रघुपति घी लड्डू, खोया खोबी लड्डू, घी बूंदी लड्डू और देसी गाय के दूध का पेड़ा शामिल हैं। यह कार्रवाई उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम, 2020 के अनुरूप है, जो ऑनलाइन बेचे जाने वाले खाद्य उत्पादों के भ्रामक प्रतिनिधित्व को संबोधित करती है।

राम जन्मभूमि मंदिर में आरती पास के लिए बुकिंग 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले दिसंबर में शुरू हुई थी। भगवान राम लला के लिए तीन दैनिक आरती सत्र (सुबह 6:30, दोपहर 12, शाम 7:30) आयोजित किए जाते हैं और भक्तों के लिए पास जारी किए जाते हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की जाने वाली नई राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भी 22 जनवरी को निर्धारित है।

लक्ष्मी कांत दीक्षित के नेतृत्व में पुजारियों की एक टीम अनुष्ठान करेगी। अरुण योगीराज द्वारा गढ़ी गई मूर्ति को मंदिर के गर्भगृह के अंदर रखा गया था। इस बीच ही देश भर में सामाजिक तनाव बनाने की साजिश करने वालों पर भी सतर्क किया गया है। ऐसा माना जाता है कि कई समूह इस काम में लिप्त हैं। इसी वजह से पुलिस ने करीब एक सौ से अधिक सोशल मीडिया साइटों की पहचान भी कर ली है। जहां से तनाव भड़काने की साजिश की गयी थी।




23:01:2024

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 15 अंक ›› 023 epaper.rashtriyakhabar.com पौष, शुक्लपक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत 2080


## विदुर नीति

अष्टौनृपेमानि मनुष्यलोके स्वर्गस्य लोकस्य निदर्शनानि।

चत्वार्थेषामन्तवेतानि सद्भिश्चत्वारि चैषामनुयान्ति संतः॥

भावार्थ : हे नृप! अब उन आठ गुणों को तुमसे कहता हूं जिनसे व्यक्ति इसी लोक में स्वर्ग का सुख पाता है। इनमें से चार तो सज्जनों के साथ रहते हैं और शेष चार का सज्जन अनुशरण करते हैं।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 23.00 °c | 08.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .29 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06 .31 बजे

## पटाखा गोदाम में विस्फोट से दो की मौत एक घायल

**खतौली:** खतौली में एक घर मे ही स्टोर किए गए पटाखों के गोदाम में सोमवार सुबह हुए भीषण विस्फोट मे दो किशोरों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार खतौली थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव कैलावडा में राशिद के मकान के ऊपरी हिस्से मे पटाखों का गोदाम बनाया गया है। आज सुबह करीब 8 बजे आतिशबाजी के गोदाम में लगी आग व भीषण धमाके से हर कोई सहम गया।। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा कि शादाब पुत्र शकील के आतिशबाजी के गोदाम में विस्फोट में मकान की छत भरभरा कर गिर गयी। इस दुर्घटना में 12-14 वर्षीय दीपांकर पुत्र ऋषिपाल एवं पारस पुत्र गजे नामक दो बच्चों की बुरी तरह झुलस जाने से मौत हो गई। हादसे पर मौके पर एकत्रित ग्रामीणो ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

## 500 साल पुरानी गुलामी खत्म, आज से राम राज्य: हिमंत बिस्वा सरमा

**गुवाहाटी** : असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा ने 22 जनवरी को गुवाहाटी के अंबारी में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लाइव टेलीकास्ट कार्यक्रम में भाग लेने के बाद कहा कि देश ने एक नई सुबह देखी, 500 साल पुरानी दासता का अंत हुआ। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए, सीएम सरमा ने कहा, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा कहते हैं, 500 साल पुरानी दासता समाप्त हो गई है। इससे पता चलता है कि इस भारत में सब कुछ संभव है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को एक नया सवेरा देखने का अवसर मिला। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आज से भारत में 'राम राज्य' शुरू हो जाएगा और उसी के साथ भारत विश्व गुरु भी बन जाएगा।

## मणिपुर में 20,26,623 मतदाता: चुनाव आयोग

**इंफाल:** मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी के झा ने सोमवार को कहा कि राज्य के सभी 60 विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम फोटो मतदाता सूची निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) की ओर से प्रकाशित की गई है। श्री झा ने कहा कि आम नागरिक/निर्वाचक और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि ईआरओ/एईआरओ के कार्यालयों में और सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ अंतिम फोटो मतदाता सूची का निरीक्षण/सत्यापन कर सकते हैं और वे अंतिम मतदाता सूची - 2024 की जानकारी प्राप्त करने के लिए मणिपुर में मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी जा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची 2024 के अनुसार, 27 अक्टूबर, 2023 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में 1066 की तुलना में लिंग अनुपात 1068 है।

## स्मृति ईरानी कलश यात्रा में हुईं शामिल

**अमेठी:** स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी अमेठी में कलश यात्रा में राम के रंग में सराबोर नजर आई। वह सिर पर कलश रख कर यात्रा में शामिल हुई। मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज राम भक्तों के लिए ऐतिहासिक दिन है । आज 500 साल के बाद धर्म के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी की हम भक्तों से यह अपेक्षा रही होगी हम कलयुग में भी मर्यादा का प्रमाण दे। जिन जिन भक्तों ने मर्यादा और धैर्य का प्रमाण दिया । उनको हम प्रणाम करते हैं । आज विशेष रूप से उन पुरखों को याद करने का दिन है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन व्यतीत कर दिया की राम मंदिर का निर्माण हो । उन्होंने कहा कि आज इस गौरवशाली क्षण में उनको हम प्रमाण करते हैं। उन राम भक्तों को भी प्रणाम है ,जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति इस लिए दे दी कि अयोध्या में भगवान राम की भव्य मंदिर बन सके। एक भव्य मंदिर में उनकी प्राण प्रतिष्ठा हो आज उन राम भक्तों का स्वप्न साकार हो रहा है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**उत्सव** पांच सौ साल भगवान की हुई घर वापसी

# पीएम मोदी ने मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की

- वायु सेना के विमानों ने की पुष्प वर्षा
- 84 सेकेंड के खास मुहूर्त में कार्यक्रम
- देश के अनेक दिग्गज समारोह में मौजूद

राष्ट्रीय खबर



**अयोध्या:** पांच सौ सालों के लंबे इंतजार के बाद श्री राम ने धार्मिक रीति रिवाजों के मुताबिक अयोध्या में अपनी वापसी की। वहां बने भव्य मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के रस्म निभाये। व्यापक पैमाने पर राष्ट्रीय उत्सव के बीच राम मंदिर का उद्घाटन किया गया और राम लला का चेहरा सामने आया। राम लला की मूर्ति को सोने और पन्ना के आभूषणों से सजाया गया है। मूर्ति को पिछले सप्ताह मंदिर में रखा गया था, और उसका चेहरा - भले ही आँखें बंद थी - बाद में सामने आया। आज आंखों से ढका दुपट्टा हटने के बाद पूरा चेहरा दुनिया के सामने आ गया। पीएम मोदी ने 84 सेकंड के मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा की और उससे पहले उन्होंने आरएसएस प्रमुख मोहन भगवंत के साथ अनुष्ठान में हिस्सा लिया। वहां मौजूद पूजारियों ने यजमान नरेंद्र मोदी के हाथों तमाम पूजन के कार्यक्रम संपन्न कराये। इस पूरी घटना को पूरे देश ने अपने अपने माध्यम से देखा। वैसे इस दौरान पूरे देश में लगभग सभी स्थानों पर पूजन और भजन के अलावा लंगर और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम स्थल पर पीएम मोदी के आगमन से पहले, भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ने अयोध्या में राम मंदिर परिसर में फूलों की वर्षा की। उत्तर प्रदेश का शहर पिछले कुछ दिनों से उत्सव के मूड में है, भक्तों के बीच 'जय श्री राम' के नारे लग रहे हैं और शहर में भगवान राम के पोस्टर लगे हुए हैं। भाजपा की दिग्गज नेता उमा भारती और साध्वी ऋतंभरा को प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान से पहले एक-दूसरे को गले लगाते और भावुक होते हुए देखा गया। इस बीच, दिन में खबर आई कि भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी अत्यधिक ठंड के कारण इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। तीनों भाजपा नेता राम मंदिर आंदोलन का हिस्सा थे। पीएम मोदी, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में राम मंदिर के उद्घाटन से पहले 11 दिवसीय अनुष्ठान करने की घोषणा की थी, अनुष्ठान में भाग लेने से

›› पेज 2 भी देखें

देश विदेश से आये उपहारों का हिसाब रखने में आयोजक परेशान

## खड़ाऊं से लेकर पोशाक तक प्रभु को भेंट



राष्ट्रीय खबर

**अयोध्या:** श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों से भी उपहार आये। सोने और चाँदी के जूतों से लेकर बढ़िया रेशमी कपड़ों तक, आभूषणों को भी नहीं छोड़ा गया। उपहारों की सूची में खाद्य शतरंज भी शामिल है। उपहारों को संभालने के लिए मंदिर के अधिकारियों से अपना खाता खोल रखा है ताकि सब कुछ लिखकर रखा जा सके। इनमें 200 किलो लड्डू भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा से आए थे।

फिरोजाबाद से 10 हजार चूड़ियां आईं। उस चूड़ी पर राम-सीता और हनुमान की छवि बनी हुई है। आगरा से 56 तरह की खास मिठाइयां अयोध्या पहुंची हैं। साथ में रत्नजड़ित राम के वस्त्र, चांदी के कप और आगरा का विशेष सुगंधित इत्र शमामा भी आया। उत्तर प्रदेश के निवासियों ने 2400 किलो वजनी घंटा भेजा है, जो अष्टधातु से बनी है।अलीगढ़ के एक ताला बनाने वाले ने राम मंदिर के लिए दुनिया की सबसे बड़ी ताले की चाबी बनाई है। 400 किलो वजनी उस ताले की लंबाई करीब दो लोगों के बराबर- 10 फीट है। चौड़ाई 4.6 फीट। मोटाई साढ़े नौ इंच। एक व्यक्ति ने राम मंदिर के लिए एक घड़ी दी। 75 सेमी व्यास वाली घड़ी एक ही समय में 8 देशों का समय दिखाती है। भारत, जापान, रूस, संयुक्त अरब अमीरात, चीन, सिंगापुर, मैक्सिको, वाशिंगटन और अमेरिका का न्यूयॉर्क।

गुजरात से विभिन्न उपहार भी आये। इनमें से एक उपहार का उपयोग पहले ही किया जा चुका है। गुजरात के बड़ौदा से 108 फीट लंबी अगरबत्ती रामभूमि पहुंची। यह अगरबत्ती साढ़े तीन फीट चौड़ी

›› पेज 2 भी देखें

राहुल गांधी को शंकरदेव के जन्मस्थान पर जाने से रोका गया

## विरोध में सड़क पर बैठे राहुल गांधी



- वाहन पर हमला करने वाले भाजपाई: जयराम रमेश
- संयुक्त विपक्ष ने हिमंता के इस्तीफे की मांग की
- मोरीगांव में होर्डिंग में तोड़फोड़ की गई स्याही पोती

भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी** : असम से गुजर रही कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बीते दो दिनों से राजनीतिक टकराव में घिर गई है।दरअसल राहुल गांधी का सोमवार नगांव ज़िले के बटाद्रवा स्थित श्री श्री शंकर देव मठ मंदिर जाने का कार्यक्रम था लेकिन स्थानीय प्रशासन ने उन्हें करीब 17 किलोमीटर पहले ही हैबोरगांव में रोक लिया। असमिया समाज में प्रतिष्ठित वैष्णव संत श्रीमंत शंकर देव की जन्म स्थली बटाद्रवा सत्र मंदिर में जाने से रोकने से नाराज कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने कार्यकताओं के साथ हैबरगांव में ही धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठने से पहले राहुल गांधी ने अधिकारियों की आलोचना करते हुए मीडिया के समक्ष कहा, ऐसा लगता है जैसे आज केवल एक व्यक्ति को मंदिर में प्रवेश की अनुमति है. क्या पीएम मोदी तय करेंगे कि मंदिरों में कौन जाता है? कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को दावा किया कि राहुल गांधी को वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थल का दर्शन

›› पेज 2 भी देखें

नमाजियों को यहां से काबा शरीफ के भी सीधे दर्शन हो सकेंगे

## सऊदी में दुनिया की सबसे ऊंची लटकती मस्जिद



**रियाध:** सऊदी अरब ने समुद्र तल से 483 मीटर ऊपर लटकी मस्जिद का उद्घाटन कर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड ने इस मस्जिद को दुनिया की सबसे ऊंची लटकती मस्जिद के रूप में मान्यता दी है। इस अद्भुत वास्तुकला से आप पवित्र काबा शरीफ और मक्का के अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थानों के अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। मस्जिद जबल उमर मक्का होटल के दो टावरों को जोड़ने वाले पुल के बीच स्थित है। यह न केवल इंजीनियरिंग की उपलब्धि है, बल्कि वास्तुशिल्प कौशल और रचनात्मकता का भी प्रमाण है। संरचना का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक और विशेष रूप से डिजाइन की गई मशीनरी का उपयोग करके किया गया है। स्टील ब्रिज का वजन 650 टन है। पुल की स्थिति जमीन से 312 मीटर ऊपर है. होटल की 36वीं, 37वीं और 38वीं मंजिल पर बने ट्विन टावरों को अंतिम रूप देने से पहले ही जोड़ दिया गया है। 550 वर्ग मीटर के क्षेत्र में बनी मस्जिद में एक समय में 520 नमाजी रह सकते हैं। यह भव्य मस्जिद आधुनिक और अरब पारंपरिक वास्तुकला शैलियों के संयोजन से बनाई गई है। मस्जिद के आंतरिक भाग को अरबी सुलेख से सजाया गया है। मस्जिद में प्रार्थना करने आने वाले उपासकों को फज्र की नमाज के दौरान मक्का पर सूर्योदय देखने का अवसर मिलेगा। साथ ही आप काबा के पीछे सूर्यास्त के खूबसूरत पल का भी आनंद ले सकते हैं। यह मस्जिद समुद्र तल से लगभग 1,584 फीट की ऊंचाई पर बनी है। यहां से काबा शरीफ और मक्का की अन्य धार्मिक इमारतें देखी जा सकती हैं। मस्जिद काबा शरीफ के बगल में स्थित जबल उमर मक्का होटल को जोड़ने वाले एक सस्पेंशन ब्रिज पर बनाई गई है। आर्किटेक्ट्स का कहना है, यह सिर्फ आर्किटेक्चर नहीं, बल्कि आधुनिक इंजीनियरिंग का अनोखा उदाहरण है।

बिलकिस बानो मामले के अभियुक्त जेल गये

## देर रात गोधरा में किया आत्मसमर्पण



राष्ट्रीय खबर

**अहमदाबाद:** बिलकिस बानो मामले के सभी 11 दोषियों ने सुप्रीम कोर्ट की समय सीमा के अनुसार गोधरा उप जेल में आत्मसमर्पण किया है। सभी 11 दोषियों ने रविवार देर रात जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय अपराध शाखा निरीक्षक एनएल देसाई ने कहा, वे 21 जनवरी की आधी रात से पहले जेल पहुंच गए, जो उनके आत्मसमर्पण के लिए निर्धारित समय सीमा थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उनकी रिहाई को गलत ठहराया था और दोषियों की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें इनलोगों ने आत्मसमर्पण के लिए अतिरिक्त समय की मांग की थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने सरेंडर करने की समयसीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया था और रविवार तक ऐसा करने को कहा था। रिपोर्ट के अनुसार, दोषियों ने खराब स्वास्थ्य, सर्दियों की फसल की कटाई और बेटे की शादी के कारण समय बढ़ाने की मांग की थी।

गत 8 जनवरी को, शीर्ष अदालत ने उम्रकैद की सजा का सामना कर रहे 11 दोषियों को समय से पहले रिहा करने के अगस्त 2022 में लिए गए गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था। इसने उन सभी दोषियों को दो सप्ताह के भीतर वापस जेल भेजने का आदेश दिया, जिन्हें 2022 में स्वतंत्रता दिवस पर समय से पहले रिहा कर दिया गया था। अपने 251 पन्नों के फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुजरात सरकार के पास सजा माफी के आवेदनों पर विचार करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है और केवल उस राज्य की सरकार ही सजा माफी के लिए आवेदन पर विचार करने और आदेश पारित

›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** नेत्र चिकित्सा के जगत में अब और एक कदम प्रगति

# हम जैसा देखते हैं वैसा कुत्ते रंग नहीं देखते हैं

- विशेष कोशिकाओं को उत्पन्न करती है
- इनकी मदद से हम लाखों रंग देखते हैं
- सात सौ वयस्कों पर शोध किया गया

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** पेट्री डिश में उगाए गए मानव रेटिना के साथ, शोधकर्ताओं ने पता लगाया कि कैसे विटामिन ए की एक शाखा विशेष कोशिकाओं को उत्पन्न करती है जो लोगों को लाखों रंग देखने में सक्षम बनाती है, एक ऐसी क्षमता जो कुत्तों, बिल्लियों और अन्य स्तनधारियों के पास नहीं है। जीव विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर, लेखक रॉबर्ट जॉन्सटन ने कहा, इन रेटिनल ऑर्गेनोइड्स ने हमें पहली बार इस मानव-विशिष्ट लक्षण का अध्ययन करने की अनुमति दी। यह एक बड़ा सवाल है कि क्या चीज हमें इंसान बनाती है, क्या चीज हमें अलग बनाती है।

›› पेज 2 भी देखें


### जॉनस्टन की टीम के शोध ने हाल ही में संकेत दिया कि

ऑर्गेनॉइड के सेलुलर गुणों को बदलकर, शोध टीम ने पाया कि रेटिनोइक एसिड नामक एक अणु यह निर्धारित करता है कि शंकु लाल या हरे रंग की रोशनी को महसूस करने में विशेषज्ञ होगा या नहीं। केवल सामान्य दृष्टि वाले मनुष्य और निकट संबंधी प्राइमेट ही लाल सेंसर विकसित करते हैं। पहले इस बारे में दूसरी धारणा थी। जॉनस्टन की टीम के शोध ने हाल ही में संकेत दिया कि इस प्रक्रिया को थायराइड हार्मोन के स्तर से नियंत्रित किया जा सकता है। इसके बजाय, नए शोध से पता चलता है कि लाल शंकु आंख के भीतर रेटिनोइक एसिड द्वारा संचालित घटनाओं के एक विशिष्ट अनुक्रम के माध्यम से उत्पन्न होते हैं।टीम ने पाया कि ऑर्गेनॉइड के प्रारंभिक विकास में रेटिनोइक एसिड का उच्च स्तर हरे शंकु के उच्च अनुपात से संबंधित है। इसी तरह, एसिड के निम्न स्तर ने रेटिना के आनुवंशिक निदेर्शों को बदल दिया और बाद में विकास में लाल शंकु उत्पन्न किए।ऑप्सिन नामक प्रोटीन को छोड़कर हरे और लाल शंकु कोशिकाएं उल्लेखनीय रूप से समान हैं, जो प्रकाश का पता लगाता है और मस्तिष्क को बताता है कि लोग कौन से रंग देखते हैं। अलग-अलग ऑप्सिन यह निर्धारित करते हैं कि एक शंकु हरा या लाल सेंसर बन जाएगा, हालांकि प्रत्येक सेंसर के जीन 96 प्रतिशत समान रहते हैं। ऑर्गेनॉइड में उन सूक्ष्म आनुवंशिक अंतरों को पहचानने वाली एक सफल तकनीक के साथ, टीम ने 200 दिनों में शंकु अनुपात में बदलाव को ट्रैक किया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश भर की पुलिस को सतर्क किया है

## साइबर ठग राम मंदिर भक्तों को निशाना बना रहे हैं

राष्ट्रीय खबर




**नईदिल्ली:** प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले अयोध्या को लेकर साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। रामलला की मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पहले मंदिर शहर अयोध्या में लोगों को ठगने की घटनाएं बढ़ी है। पुलिस ने इस बारे में जनता को सतर्क किया है। साइबर अपराधी धोखाधड़ी करने के लिए अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का फायदा उठा रहे हैं। पुलिस ने कहा कि राम मंदिर के नाम पर चंदा इकट्ठा करने के लिए नकली क्यूआर कोड भेजे जा रहे हैं। धोखाधड़ी वाली गतिविधियों में नकली 'प्रसाद' बांटना, राम मंदिर के दर्शन के लिए वीआईपी और प्रवेश पास की पेशकश करना और राम के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाना शामिल है। पुलिस ने नागरिकों को बिना सत्यापन के अज्ञात व्यक्तियों के अनुरोधों या व्हाट्सएप संदेशों का जवाब देने से बचने की सलाह दी। घोटालों का

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## बन्द आवास में लाखों की चोरी

**बेरमो :** बेरमो थाना क्षेत्र के झब्बु सिंह महिला कॉलेज के समीप करगली डबल स्टोरी के तीन बंद आवास में बीते रात्रि चोरों ने लाखों रूपए के जेवरात सहित नगदी की चोरी कर ली। पड़ोसियों द्वारा इस घटना की सूचना गृह स्वामी एवं बेरमो पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेकर जांच मे जुट गई। चोरों ने सीसीएल कर्मी संजीव मिश्रा, एजेन प्रकाश एवं झब्बु सिंह महिला कॉलेज की पूर्व शिक्षिका निशा सिंह के आवास में चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में मनाया उत्सव

**बोकारो :** संकट मोचन मठ पहलवान अखाड़ा सिटी पार्क में, अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में उत्सव मनाया गया। सुबह यज्ञ पूजा पाठ, सुंदरकांड एवं भंडारा का कार्यक्रम प्रभु के इच्छा तक जारी है। इस कार्यक्रम में जजमान के रूप में संतोष बरनवाल एवं राखी बरनवाल एवं अन्य और चार जोड़े ने विधिवत पूजा पाठ में भाग लिया। अखाड़ा के गुरु जानकी राय, संतोष बरनवाल, मृत्युंजय कुमार बिक्की गुप्ता, सेम्पी कुमार, आरके यादव, अविनाश सिंह, मिथलेश पांडे, मुन्ना दुबे, चिंटू कुमार, रवि सुजीत, नीतीश, अनुज, बिकाश, चंदन, दीपक सेनि, समाजसेवी संजय बरनवाल, विकास बरनवाल, संतोष कुमार, अशोक बरनवाल एवं पहलवान लोगों का सहयोग से अभूतपूर्व अलौकिक कार्यक्रम हुआ।

अभियान

### आई एम रेडी टू वोट अभियान में शामिल हुए डीसी व एसपी

# मतदान केंद्रों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

▶▶ निरीक्षण में मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित थे

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 संपन्न होने के साथ ही सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन डीईओ सह डीसी कुलदीप चौधरी ने किया। नव प्रकाशित मतदाता सूची सभी बीएलओ को ससमय उपलब्ध करा दिया गया था। साथ ही, सुबह 10 बजे से ही सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ नव प्रकाशित मतदाता सूची के साथ उपस्थित थे। इसी को लेकर डीईओ सह डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी प्रियदर्शी आलोक ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।



बीएलओ से संबंधित जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण में मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित थे। वहीं, मतदाता अपने नाम की जांच सूची में कर रहें थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को शाम 5 बजे कर केंद्र पर उपस्थित रहने को निर्देश दिया। डीसीझएसपी ने निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूची प्रकाशन अवसर पर आई एम रेडी टू वोट अभियान में शामिल हुए। द्वय पदाधिकारियों ने मतदाता सूची के साथ सेल्फी लेकर अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर पोस्ट किया।

उपायुक्त ने कहा की जिले में कोई भी योग्य मतदाताओं मतदान से वंचित न रहे। इसके लिये बीएलओ को मतदाताओं के घर तक पहुंचना चाहिये। उन्होंने कहा कि कई बार योग्य मतदाता विशेषकर 18 वर्ष पूरा करने वाले युवा मतदान से वंचित रह जाते है। मतदान के दिन चाह कर भी मतदाता सूची से इतर लोगों को मतदान नहीं करने दिया जाता है। इसके लिये मतदाताओं को जागरूक किया जाता रहा है। मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो शैलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## श्रीराम सनातन समिति ने निकाली बाइक रैली

राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** श्रीराम सनातन समिति चांडिल अनुमंडल के कार्यकताओं क्षेत्र के रामभक्त युवाओं एवं महिला पुरुषो ने अयोध्या के श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शोभा यात्रा सह बाइक रैली निकाली। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सूरज मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा सह बाइक रैली में मुख्य अतिथि के रूप में चांडिल मठिया मंदिर के महन्त इंद्रानंद सरस्वती, राकेश वर्मा, समाजसेवी हरेलाल महतो, सपन गुप्ता, सुखराम हेम्ब्रम, बॉबी जालान और तरुण दे भी शामिल हुए। रैली चांडिल एनएच 32 सड़क पे लेंगडीह, चांडिल चौक बाजार से होते हुए मठिया मंदिर के लिए निकली और रास्ते में कई रामभक्तो के पहुचने पर सभी का भव्य स्वागत किया गया। सोमवार को रामभक्तों ने शोभायात्रा सह बाइक रैली निकालकर जय श्रीराम के जयकारे लगाए। एंव राम भजन पर झूमते गाते रहे। इस दौरान ईंट-ईंट पर नाम लिखा है, चारों ओर श्रीराम लिखा है। जैसे नारे गूंजते रहे। शोभा यात्रा चांडिल स्टेशन से आगे पुराना पेट्रोल पम्प हनुमान मंदिर से शुरू होकर लेंगडीह, चांडिल चौक बाजार, बस स्टेंड होते हुए चांडिल बाजार स्थित साधू बांध मठिया मंदिर तक गई। जहां रामभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और सुन्दरकाण्ड का पाठ एंव रामचरित्र मानस का पाठ व रामकथा शुरूवात हुआ। शाम को 6 बजे से महाआरती के पश्चात रामभक्तों के बिच महाभंडारा का आयोजन प्रभु इक्छा तक मठिया मंदिर के महंत इंद्रानंद सरस्वती के द्वारा किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की शुरूवात में एक सम्मान समारोह भी हुई।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर दिव्य वृक्ष रुद्राक्ष के किया पौधारोपण



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** 22 जनवरी के पवन अवसर पर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा संचालित वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को यादगार बनाते हुए बोकारो के कुंज बिहार स्थित श्री सोमनाथ मंदिर परिसर सहित कई देवालयों में दिव्य वृक्ष रुद्राक्ष के पौधों का रोपण किया गया। इस दिव्य वृक्ष रुद्राक्ष की मान्यता भगवान शिव के रूप में है। इसका रोपण बहुत ही शुभ माना गया है तथा यह बहुत पुण्यदाई है। इस वृक्ष के दर्शन मात्र से ही अनेकों पाप मिट जाते हैं। इसकी हवा मात्र से आसपास का वातावरण अत्यंत पवित्र एवं शुद्ध रहता है। संस्थान द्वारा बोकारो सहित झारखंड के मंदिरों में दिव्य रुद्राक्ष के रोपण का अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बोकारो में लक्ष्मण शर्मा जो संस्थान के नशा मुक्ति अभियान के संयोजक है के नेतृत्व में कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। मौके पर नंद किशोर तिवारी, शांति देवी, सुरेंद्र कुमार, चंद्र शेखर, ललिता वर्मा, भी.के. चौहान, काजल कांति गोस्वामी, मनोज कुमार झा, कुमारी शबनम, रचना वर्मा, ताप्ती गोस्वामी, संतोष कुमार, मंजू देवी सहित कई पर्यावरण संरक्षकों ने उपस्थित रहकर इस अभियान को सफल बनाया।

न्यूज फटाफट

## चौका में 15 कार सेवकों को किया सम्मानित



**चांडिल :** श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सोमवार को सार्वजनिक श्री श्री नवदुर्गा पुजा कमिटी चौका द्वारा समारोह आयोजित कर श्रीराम मंदिर निर्माण में योगदान दिए कार सेवकों के नेतृत्वकर्ता हिकिम महतो समेत 15 कार सेवक को सम्मानित किया गया। इसके पूर्व चौका मोड़ से गाजे बाजे के साथ कार सेवकों को स्वागत कर सम्मान पूर्वक श्री श्री नवदुर्गा मंदिर प्रांगण तक लाया गया। इस मौके पर राम भक्तों ने आतिशबाजी कर दीपावली भी मनाया। सभी कार सेवक श्री श्री नव दुर्गा मंदिर माता शक्ति रूपेण देवी दुर्गा के चरणों पर माथा टेका। इसके बाद मंच पर सभी कार सेवकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राम भक्त नागरिकों को संबोधित करते हुए कार सेवक हिकिम चंद्र महतो ने अपने संबोधन में कहा कि मयार्दा पुरोषत्तम राम के आदर्शो पर आज के मानव समाज को चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नौ दिन छोड़िए यदि कोई भी व्यक्ति एक दिन रामायण लिखित प्रवचन सुनकर उन नियमों का पालन करते हैं तो वे निश्चित रूप से एक महा मानव के रूप में परिवर्तित होंगे। रामायण को सुनने के लिए मन में बजरंग बली की भक्ति होनी चाहिए। बजरंग बली के बिना राम अधूरा है और राम के बिना बजरंग बली अधूरा है। इस अवसर पर कार सेवक के रूप में हिकिम चंद्र महतो, असित कुंडू, शिबू चटर्जी, सीताराम सोरेन, दल गोबिंद सिंह मुंडा, कानगु राम महतो, रंजित प्रमाणिक, बुधु सिंह मुंडा, मंगल सिंह मुंडा,रमाकांत प्रमाणिक,मान गोविंद सिंह मुंडा, रामचंद्र सिंह एवं चैतन सिंह मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर भव्य शोभायात्रा

**बेरमो :** अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित भगवान श्री राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्साह और उल्लास दिखाई दे रहा है। प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर तेनुघाट में सैकड़ो महिला पुरुष बाल गोपाल के साथ शोभायात्रा निकाली गई। तेनुघाट सहित सरहचिया, उलगडा, घरवाटांड, चापी के आस पास क्षेत्रो में भी लोगों में इसको लेकर खासा उत्साह है। लोग इसे दीपावली के रूप में मनाने की तैयारी कर रहे हैं वहीं 22 जनवरी को हर मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरण और सुंदरकांड पाठ आदि धार्मिक अनुष्ठान सभी मंदिरो हो रहे है।सभी मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। पुरा इलाका भगवा झंडा से सज गया है। लोग में श्री राम के भक्ति में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। जय श्री राम के जय घोष से पुरा इलाका गुंज रहा है। लोग रामभक्ति में लीन नजर आए, जगह जगह लोग राम लला की भव्य स्वागत की तैयारी में जुट गए है। मंदिरों प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया नीलम श्रीवास्तव, जीप अध्यक्ष सुनीता देवी, पंसस अजित पांडेय,मुन्ना श्रीवास्तव, भजपा ओ बी सी मोर्चा अध्यक्ष चितरंजन साव, सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# जिला प्रशासन ने विभिन्न प्रखंडों क्षेत्रों का किया दौरा



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी प्रियदर्शी आलोक ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले के विभिन्न मंदिरों में आयोजित कार्यक्रम, झांकी व जुलूस को लेकर विधि व्यवस्था संधारण का जायजा टीम के साथ लिया। द्वय पदाधिकारियों ने चास एवं बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों चास, चंदनकियारी एवं जरीडीह के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। उनके साथ डीडीसी कीर्तीश्री जी, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो शैलेश कुमार, मुख्यालय डीएसपी पुनम मिंज, सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार, चास एसडीपीओ पुरूषोत्तम कुमार आदि उपस्थित थे। डीसीझएसपी के साथ पदाधिकारियों की टीम ने क्रमवार चास के दुंदीबाग, पुलिस लाइन, रितुडीह, सिवनडीह, सिजुआ, बालीडीह, करहड़िया, जैनामोड़, तुपकाडीह, चास जोधाडीह मोड़ एवं चंदनकियारी आदि क्षेत्रों का दौरा किया। कहा कि ससमय एवं निर्धारित रूट से जुलूस-झांकी को संपन्न कराएं। मौके पर चास प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार एवं संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# चांडिल में निकाली शोभायात्रा गीतों पर थिरके श्रद्धालु

राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** श्री श्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा तथा श्रीराम सनातन समिति ने चांडिल में अलग अलग शोभायात्रा निकाली। सबसे पहले श्रीराम सनातन समिति ने चांडिल उगडीह पुराना पेट्रोल पंप स्थित बजरंगबली मंदिर से शोभायात्रा निकाली। यहां से चांडिल चौक बाजार होते हुए साधु बांध मठिया आश्रम में समापन हुआ। मठिया आश्रम में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई थी। इससे पूर्व आश्रम में हवन, पूजन व आरती हुई। इधर, श्री श्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा के कॉलेज मोड़ स्थित बड़ा हनुमान मंदिर में सुबह हवन व पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं, विवेकानंद केंद्र में अखाड़ा की ओर से अयोध्या के राम जन्मभूमि के प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण आयोजित था। लाइव प्रसारण देखने को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। दोपहर दो बजे के बाद विवेकानंद केंद्र से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो तांती बांध तक गई। तांती बांध से वापस डैम रोड तक गई। डैम रोड स्थित बामनी जुड़िया से शोभायात्रा पुनः विवेकानंद केंद्र पर आकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के साथ साथ नगर कीर्तन भी शामिल रहा। वहीं, शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों में प्रभु श्रीराम, माता सीता, बजरंगबली, राधा - कृष्ण, जम्बुवान आदि के पात्र थे। शोभायात्रा के दौरान डीजे पर धार्मिक गीतों को बजाए गए। उन्हीं धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु खूब थिरके। शोभायात्रा को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद रही। चांडिल गोलचक्कर से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। वहीं, छोटे वाहनों का रूट बदल दिया गया था।



उत्सव

### लोगों में उत्सव और उल्लास का सैलाब

# राम भक्ति में डूबा बोकारो, गूंजा श्रीराम का नाम

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो :** सोमवार को सदियों के इंतजार के बाद अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला को विराजमान कर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसको लेकर पूरे बोकारो जिले के श्रद्धालु खुशी झूम उठे। पूरा वातावरण राममय हो गया। राम भक्ति में पूरा बोकारो डूब गया। हर गली चौराहे में भगवान श्री राम का नाम गुंजा। उत्सव और उल्लास का सैलाब उमड़ पड़ा। सड़कों पर जाम में फंसी थीं कारों की कतारें, पुलिस प्रशासन ठिठुर रहा था, लेकिन कहीं कोई अव्यवस्था नहीं थी। वजह सिर्फ भगवान रामलला की पूजा अर्चना थी। सुबह से ही जिले के रेलवे फाटक बनसिमली हनुमान मंदिर, रितुडीह शिव मंदिर, को-आपरेटिव कालोनी काली मंदिर, सेक्टर 12 सी शिव मंदिर, सेक्टर 2 काली, शिव मंदिर व सेक्टर 1 राम मंदिर में राम भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और भक्ति रस में शराबोर होकर घूमते हुए दिखाई दी। सभी की जुबान पर एक ही नाम था श्रीराम। सेक्टर 2 स्थित को-आपरेटिव मोड़ के पास, नया मोड़, सेक्टर 2, सदर बाजार चास आदि हर चौक चौराहों पर लोग प्रसाद के रूप में खीर, लड्डू आदि का वितरण किए।

इस मौके पर शंकर गुप्ता ने कहा कि खुशी इतनी है कि शब्दों में व्यक्त नहीं की जा सकती है। हमारे रामलला अपने घर में विराजमान हुए। जिसका इंतजार सैकड़ों सालों से हम लोगों का था। मौके पर मनोज साव, सुधीर पंडा, प्रकाश कुमार, कमल कुमार, अरूण कुमार, भोला कुमार, लक्ष्मी कुमार, सनोज कुमार आदि उपस्थित थे। वही बोकारो विधायक बिरंची नारायण और उनकी पत्नी नीना नारायण सुबह से ही सेक्टर 1 बी स्थित आवासीय कार्यालय में सुंदर पाठ का आयोजन किया। जिसमें करीब 500 राम भक्त मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पिन नं०-835207**
**(नियोजनालय भवन, गुमला)**
Email ID-eenhgumla-jhr@nic.in & eenhgumlajhr@gmail.com

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(संख्या : 01/2023-24)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :- 05-02-2024 तक 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 06-02-2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 06-02-2024 को 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थल :- (i) कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ अंचल, झारखण्ड राँची। (iii) मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग, झारखण्ड राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- उपर्युक्त कंडिका 5 में वर्णित कार्यालय में।
7. कार्यों का विवरणी :-

| क्रम सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rectification of Accident prone locations at (i) km. 57.200 to km 57.700 of NH-143A (ii) km 8.100 to km 8.600 of NH-78 [New NH-43] using Short term measures under NH Division, Gumla in the state of Jharkhand | 757650.00 | 15200.00 | 1250.00 | 15 दिन |

नोट :-
1. परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा) NTRP Portal- https://bharatkosh.gov.in/ ministryinfo.aspx पर Online जो कि (Pay & Accounts officer, Ministry of Road Transport and Highway Kolkata) [PAO Coade-034756 and DDO Code-202122] पदनाम से कोलकता में भुगतेय हो, भुगतान के पश्चात् उसके चालान की प्रति परिमाण विपत्र के क्रय के समय संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट-बढ़ सकती है। अंततः परिमाण विपत्र में अंकित राशि ही मान्य होगी।
3. निविदा स्वीकृत्यादेश निर्गत तिथि से तीन दिनों के अन्दर एकरारनामा संपादित कर कार्य प्रारंभ करना होगा एवं आगामी छः माह तक संपादित कार्यों का रख रखाव करना होगा, जिसके लिए अलग से कोई दावे का भुगतान देय नहीं होगा।
4. निविदा का निस्तार पथ निर्माण विभाग, राँची के संकल्प संख्या 2146(एस) दिनांक 09-09-2020 के अनुसार की जायगी।
5. अर्नेस्ट मनी/सेक्युरिटी मनी झारखण्ड के किसी डाकघर अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत रा०ब०पत्र, 3 वर्षीय, 5 वर्षीय सावधि जमा पत्र जो कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला के नाम से प्रतिज्ञित हो को स्वीकार्य होगा।

ह०/-
कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.316767 Road(23-24):D

## शहर >> अपडेट

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर में खीर खिचड़ी का भोग

**तमाड़ :** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर प्राचीनकालीन सोलहभुजी दिउड़ी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गयी। मंदिर के वरिष्ट पूजारी नरसिंह पंडा ने विधिवत पूजा अर्चना कर महाआरती किया। सोलहभुजी मां दिउड़ी को खीर और खिचड़ी का भोग लगाया गया। सोमवार को मंदिर में बली प्रथा पर ट्रस्ट द्वारा रोक लगायी गयी। आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाभोग का वितरण किया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह

**कुडू :** सोमवार को भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में श्रीराम चंद्र की पूजन व आरती की गई। विद्यालय के भैया बहन बहुत उत्साहित थें। कार्यक्रम में भैया बहनों ने रामायण चौपाई, आनंददायी भजन राम आएंगे, श्री रामचंद्र कृपालु भजमन, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में जैसे भजन मीठे स्वर में गाए। इस अवसर पर भैया बहनों को एलईडी स्क्रीन पर श्रीराम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को दिखलाया गया। सभी भैया बहन इस विशिष्ट क्षण को देखकर गौरवान्विति महसूस किया, भैया बहनों ने जमकर जय श्री राम, भारत माता की जय, वंदे मातरम का नारा लगाया, भैया बहन राम के भक्ति व राष्ट्रभक्ति की भाव से भरे दिखाई दिए। इस कार्यक्रम की समाप्ति भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने के पश्चात की गई । इस मौके पर विद्यालय के आचार्य बंधु भगनी, समस्त भैया बहन व अभिभावक वृंद उपस्थित थें।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### प्रभु राम के महाआरती का आयोजन

**कुडू :** प्राचीन रामजानकी मन्दिर ओपा मे अयोधया मे प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रभु राम के महाआरती का आयोजन किया गया उसके पश्चात हरिकिरतन का आयोजन किया गया आयोजन को सफल बनाने मे मुख्य रूप से आयोजन कमिटी के लाल विभय नाथ शाहदेव (छोटे लाल),लाल निरोज नाथ शाहदेव, परमेश्वर वर्मा, सोनु वर्मा पंकज शाहदेव दुबराज वर्मा, अवधेश वर्मा, प्रदीप यादव, लोकेश ठाकुर, बिजय ठाकुर, सुजीत ठाकुर, आनन्द साहु, शिशिर साहु ,राहुल साहु , संजय वर्मा, साउंड अपरेटर प्रदीप बैठा का विशेष योगदान रहा उक्त जानकारी कमिटी के सदस्य सुजीत शाहदेव ने दिए।

### मेला का आयोजन

**कुडू :** स्वतंत्रता सेनानी आशिर्वाद टाना भगत जयंती समारोह सह मेला का आयोजन । सोमवार को बंदुवा मोड़ बड़की चांपी में धूमधाम से मनाया गया ।इस मौके पर पाहन, पुजार,एवं घर के सदस्यों के द्वारा सर्वप्रथम बिधिवत पूजन की गई। इस मौके पर कुडू अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह,बड़की चाँपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी ने स्वतंत्रता सेनानी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर बड़की चाँपि के मुखिया राजधन भगत,बड़की चाँपि पंचायत के वार्ड सदस्य शिवशंकर भगत,गीता भगत ,अनिता लकड़ा सहित कई लोगो ने स्वतंत्रता सेनानी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक पार्टी के नेता एवं कार्यकताओं सहित कई सामाजिक संगठनों के लोगो के द्वारा प्रतिमा में पुष्प अर्पित किया गया ।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के महान स्वतंत्रता सेनानी आशिर्वाद टाना भगत जी का जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया।

---

**आस्था** अयोध्या में रामलला के भव्य प्राण प्रतिष्ठा पर बोले सांसद

# लाखों लोगों के तपस्या का फल: सुदर्शन

- 500 वर्ष का इंतजार हुआ खत्म
- कारसेवकों किया प्रशस्तिपत्र व सम्मान



राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा:** अयोध्या में राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत लोहरदगा जिले के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न मंदिरों दुर्गा मंदिर बरवाटोली,राम मंदिर राणा चौक, हनुमान मंदिर महवीर चौक, बड़ा हनुमान मंदिर गुदरी,निर्माणधीन हनुमान मंदिर राजा बंग्ला, का किया भ्रमण लोगों के साथ मनाई खुशियां किया पूजा पाठ और कारसेवकों के सम्मान में आयोजित महवीर चौक कार्यक्रम में शामिल होकर प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा लाखों लाख सनातनी बंधुओं की तपस्या, बलिदान, 500 साल से ज्यादा इंतजार के बाद आज यह दिन हम सबों के लिए आया है। इस दिन और इसके लिए किए गए संघर्ष को असंख्य शब्दों में भी बखान कर पूरे नहीं किया जा सकते। आज भारतवर्ष की सांस्कृतिक एवं पौराणिक धरोहर को पुनः स्थापित किया गया। जो किसी कल में राम की गौरव गाथा एवं उनके धर्मार्थ विचार को समाप्त करने की कोशिश की गई थी परंतु राम सभी के दिलों में विराजमान सदैव रहे हैं और उसी का प्रमाण है कि आज प्रत्यक्ष रूप से पुनः एक बार सभी आम जनमानस के सहयोग से अवतरित हुए। राम को मानने वाले केवल भारतवर्ष में ही नहीं पूरे विश्व में है आज पूरा विश्व जश्न मना रहा है हम हर शुभ कार्य राम नाम के साथ में शुरूआत करते हैं। राम हर एक रूप में आदर्श हैं।

हम सौभाग्यशाली हैं इस जगत में वर्तमान में विराजमान इस धरती पर हर एक मनुष्य सौभाग्यशाली है जो इस क्षण का साक्षी बन रहे हैं। आज यह कार्य के लिए एक कुशल नेतृत्व करता, संकल्पित दृढ़ इच्छा वाले व्यक्त, अपनी सांस्कृतिक एवं पौराणिक वेदों पर विश्वास करने वाला, जनता की सामूहिक भागीदारी समझने वाला, संतों के भाव सम्मान करने वाला महान व्यक्तित्व ही इस कार्य को सफल कर सकते थे। इसमें ईश्वर ने मोदी जी सहित असंख्य लोगों को पुण्य कार्य के लिए चूना और आज हमारा सपना सफल हुआ इसके लिए हम जन भागीदारी और मोदी जी का जितना भी प्रशंसा करें कम होगी।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिरो में विशेष अनुष्ठान

राष्ट्रीय खबर



**गोला :** अयोध्या में नव निर्मित राममंदिर में प्रभु श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर गोला सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी गावों में स्थापित मंदिरों में सोमवार को विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस कड़ी में डॉक्टर अजीत चितरंजन सेवा सदन स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से ने प्रभात फेरी के तहत नगर भ्रमण-शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा मेन रोड होते हुए गोला के अग्रवाल मुहल्ला, चौक बाजार, सुंडी टोला, काली नाथ चौक, पाठक टोला, जोड़ा शिवालय, बीएस रोड, बक्सी टोला होते हुए मंदिर में समापन किया गया। यहां तीन दिवसीय रामायण पाठ की पूणार्हुति हुई। साथ ही भंडारा का आयोजन किया गया। इधर सार्वजनिक दुर्गा मंदिर गोला में सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया। यहां प्रसाद वितरण के साथ भंडारा आयोजित हुआ।

गोला के चित्रगुप्त मंदिर, जोड़ा शिवालय, प्राचीन महावीर मंदिर, महादेव मंडप, ठाकुर बाड़ी, सुवर्ण बनिक दुर्गा मंदिर आदि सभी धार्मिक स्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोला में हुई कार्यक्रमों में वंदना अम्बष्ट, सनत सिन्हा, कपिल अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, कुंवर बक्सी, प्रदीप चंद्र लाला, अजय गुप्ता, रवि अम्बष्ट, सुशील बुधिया, जनार्दन पाठक, मनोज मिश्र, विजय ओझा, महेंद्र अग्रवाल, मोनू बुधिया, कृष्ण बल्लभ पाठक, अजय पाठक, प्रशांत सिन्हा, संजीव सिन्हा, जितेंद्र साहू, भगीरथ पोद्दार, जयंत पोद्दार, अतुल कुमार, आलोक मिश्र, अविनाश गुरु, राजेश गुप्ता, शैलेन्द्र सिन्हा, संजय बक्सी, विक्रम वर्मा, संजय रवानी, बजरंग रवानी, प्रदीप अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आशीष भट्टाचार्य, रितेश वर्मा सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

## भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र रामगढ़ का उद्घाटन सोमवार को किया गया। जन औषधि केंद्र का उद्घाटन रामगढ़ के सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी ने किया। संचालक राजेश सिंह ने बताया कि औषधि केंद्र रामगढ़ सदर अस्पताल परिसर छत्तरमांडू के परिसर में पहला खोला गया है। केन्द्र के उद्घघाटन में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र में कम दामों में अच्छी दवाइयां की उपलब्धत होगी। ?बताया गया कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना भारत के प्रधानमंत्री द्वारा ?23 अप्रैल 2018 को घोषित एक योजना है। 2014-15 में जनऔषधि योजना का नाम बदलकर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना कर दिया गया। इस योजना में सरकार द्वारा उच्च गुणमवत्ता वाली जैनरिक दवाईयों के दाम बाजार मूल्य से कम किए जा रहें है। मौके पर डी एस एवेंद्र प्रसाद, डॉक्टर उदय श्रीवास्तव, डीपीएम देवेंद्र श्रीवास्तव, अनमोल सिंह, टिकेंद्र महतो, कैलाश, उमेश पांडे सहित दर्जनों मौजूद थे।

## हनुमान मंदिर में की गई पूजा अर्चना



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** तेनुघाट अधिवक्ता संघ के पास स्थित हनुमान मंदिर में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अधिवक्ता संघ के सदस्यों के द्वारा पूजा अर्चना की गई । अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, महासचिव वकील प्रसाद महतो की अगुवाई में संघ के सदस्य, अधिवक्ता लिपिक, व्यवसाई सहित अन्य भक्तजन भजन कीर्तन में भगवान श्री राम भक्ति में लीन नजर आए । इस अवसर पर अरुण कुमार सिन्हा, डी एन तिवारी, जनार्दन प्रसाद, दिलीप कुमार सिंहा, चेतन आनंद प्रसाद, राम बल्लभ महतो, सुभाष कटरियार, कल्याणी, कनक कुमार, दीपक कुमार, प्रशांत पाल, अभिषेक मिश्रा, योगेश नंदन प्रसाद, राकेश कुमार, भुनेश्वर महतो, चंद्र शेखर प्रसाद, अशोक कुमार, प्रमोद कुमार, सिकंदर अग्रवाल, संदीप कुमार, बलदेव यादव, अनिल कुमार सहित कई भक्तजन मौजूद थे ।

## अधिवक्ता संघ भवन में पूजा का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो:** तेनुघाट अधिवक्ता संघ भवन के पुराने भवन में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने भी भगवान राम की पूजा अर्चना की। जय श्री राम, जय बजरंगबली की जय घोष से गूंज उठा पूरा अधिवक्ता संघ भवन जब अधिवक्ता, अधिवक्ता लिपिक ने नारे लगाए मालूम। मालूम हो कि आज अयोध्या में श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है। इसे लेकर पूरे देश में उत्साह की लहर है इसी कड़ी में तेनुघाट अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने भी भगवान राम की पूजा अर्चना की इस बारे में गुरदास अड्डी ने बताया कि आज अयोध्या में श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है इसी को लेकर हम लोगो ने भी भगवान राम का पूजा अर्चना किया। बताया कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम लोग भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को देख रहे हैं। आज पुरा देश राम मय हो गया है और हम सभी श्रद्धा अर्पण करने के लिए पुजा किया। इस अवसर पर पुजारी सुरेश कुमार तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी और बबलू झा के द्वारा पुजा करवाया गया और नंद किशोर प्रसाद, अजीत कुमार लाल, अवधेश प्रसाद, उज्जवल मुखर्जी, सुभाष कटरियार, प्रदीप कुमार वर्मा, रमेंद्र कुमार सिन्हा, सुरेश प्रसाद, पुनीत लाल प्रजापति, प्रेमन शर्मा, मनबोध डे, अर्जुन सिंह, बैद्यनाथ शर्मा, भुनेश्वर महतो, सत्येन्द्र कुमार सिन्हा, पंकज सिंह, बलेश्वर ठाकुर सहित कई अधिवक्ता और अधिवक्ता लिपिक मौजूद थे।

**प्रसाद वितरण** आज का दिन हम सबके लिए ऐतिहासिक और गौरव का दिन है :मुखिया

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भंडारा प्रसाद का वितरण

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो:** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी एवं पूर्वी के विभिन्न मंदिरों में रामभक्त महिला पुरुषों द्वारा कहीं भंडारा, जागरण, भजन-कीर्तन तो कहीं भव्य शोभायात्रा जुलूस निकालबकर खुशी जताई। इस दौरान भक्तों द्वारा सभी मंदिरों में पूजा पाठ व दिया जलाया गया। प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पूर्व रविवार को होसिर पश्चिमी पंचायत के जमकडीह हनुमान मंदिर से रामभक्तों द्वारा ढेंढे, तुलबुल, देवीपुर, नेया टोली तक भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान रामभक्तों ने जय श्री राम, जय हनुमान का जोरदार नारा लगाया।वही रथटांड़ काली मंदिर एवं शिव मंदिर,देवीपुर शिव मंदिर, खेलाचंडी मन्दिर तथा ढेंढे हरि मन्दिर, जमकडीह हनुमान मंदिर और होसिर पूर्वी के जीरोपोइंट स्थित लुगुबाबा मंदिर,होसिर के हनुमान मन्दिर, ब्राह्मण टोला हनुमान मंदिर, तैतरीया टांड़ मन्दिर में पूजा पाठ केसाथ भंडारा व भजन कीर्तन तथा जय श्रीराम के जोरदार नारों के साथ भव्य शोभा यात्रा जुलूस निकाल खुशी मनाई।

इस दौरान पंचायत की मुखिया पार्वती देवी ने सभी मंदिरों में पहुंचकर भंडारा व प्रसाद वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुखिया पार्वती देवी ने कहा कि 500 वर्षों के संघर्षों के बाद आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बन कर तैयार हुआ।आज का दिन हम सबके लिए ऐतिहासिक और गौरव का दिन है। इस तरह का गौरवपूर्ण दिन जीवन में शायद ही कभी आए। प्राण-प्रतिष्ठ को लेकर घर-घर में उत्सव का माहौल है ।इसके साथ ही प्रखंड क्षेत्र के गोमिया ललपनिया, जगेश्वर, महुआटांड थाना एवं चतरोचट्टी थाना क्षेत्र, साड़म, तुलबुल क्षेत्र विभिन्न मन्दिरों और जगह जगह पर रामभक्तों द्वारा श्रीराम शोभायात्रा निकाली गयी।

शोभा यात्रा मे बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुगण शामिल हुए।क्षेत्र के लोगों के बीच में आस्था और श्रद्धा का माहौल नजर आया। कार्यक्रम में रामभक्त रंजीत कुमार प्रजापति, वार्ड पति छोटी यादव, अशोक प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, टेकलाल प्रजापति, विकास प्रजापति, संतोष साव, गोपाल साव सहित भारी संख्या में महिलाएं पुरूष एवं बच्चे लोग शामिल थे।

---

### तस्वीर रख पूजा अर्चना व प्रसाद वितरण



**बेरमो :** यूं तो पुरा बेरमो कोयलांचल ही राममय हो गया है। लगभग क्षेत्र के हर मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर जारी है मगर कुछ आवासीय कॉलोनियो मे भी वहां रहने वाले लोगो द्वारा विशेष पूजा पंडाल का आयोजन के साथ साथ साज सज्जा कर उस पूजा पंडाल में श्री राम की तस्वीर स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना का दौर सुबह से ही लगातार जारी रहा। इतना ही नहीं कॉलोनी वासी भक्ति में इतना सराबोर दिखे की यहां विधिवत प्रसाद और भोग का भी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अहले सुबह से आरंभ होकर देर शाम तक चली। इसमे कथारा आईबीएम कॉलोनी वासियों के अलावे आसपास के लोगों ने भी इस पूजा के भागीदार बने। ज्ञात हो कि यह क्षेत्र का अनोखा धार्मिक आयोजन कहा जा सकता है जहां कॉलोनी वासी स्वंय के सहयोग से इस पूजा अर्चना, प्रसाद व भोग वितरण किया।ज्ञात हो कि यहां पूजा अर्चना के अलावे कॉलोनी मे शोभायात्रा निकाला गया जिसमे लगे जय श्री राम के नारो से पुरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

### पहाड़ी मंदिर में सुंदर कांड व हनुमान चालीसा पाठ



**बेरमो :** 22 जनवरी को कथारा स्थित रेलवे कॉलोनी के पहाड़ी बाबा शिव मंदिर में भव्य तरीके से श्री राम जी के आगमन को लेकर सामुहिक सुन्दर-कांड एक बार एवं सामुहिक हनुमान चालिसा का पांच बार पाठ किया गया। वही मंदिर प्रांगण मे शाम के समय 1100 दीप जला कर दीपोत्सव भी मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रंगोली के कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।यहां आयोजित आरती में सैकड़ों लोग शामिल हुए ।इस मौके पर बिहार के भोजपुरी गायक अरविन्द अकेला उर्फ कल्लू ने रेलवे कॉलोनी स्थित पहाड़ी बाबा मंदिर पहुच कर माथा टेका तथा सभी लोगो के उज्जवल भविष्य का कामना की और भक्तो के विशेष आग्रह पर श्री राम जी के शान मे गाने गये ।इस विशेष अवसर स्थानीय लोगो द्वारा झांकी भी निकाली गई। इस मौके पर कथारा पंचायत के उप मुखिया प्रमोद कुमार पंसस निभा देवी मुखिया प्रातिनिधि सतेंद्र कुमार दास पंसस प्रतिनिधि सज्जन चौधरी पुजारी चंद्रहांस मिश्रा,रामनाथ राय, राम जी मास्टर, प्रमोद यादव, देव नारायण सिंह, अम्बिका सिंह, अनिल सिंह, अरुण चौहान, मंजीत कुमार, राज कमार, ओम प्रकाश, अशोक, राजीव कुमार अनिल चौधरी, जगलाल, धर्मेंद्र मण्डल, रंजीत सिंह,आदि के अलावा सैकड़ो कि संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे उपस्तिथ थे ।इस मौके पर भोला चौहान की ओर से खीर का प्रसाद वितरण किया

### दिनेश सिंह बने फेबस के जिलाध्यक्ष व मनोज उपाध्यक्ष



**बेरमो :** रांची स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संगठन ने बोकारो ज़िले में अपना सेवा विस्तार करने की जवाबदेही बोकारो जिला के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बेरमो के फुसरो स्थित शास्त्रीनगर निवासी सह व्यवसाई मनोज गोयल को बोकारो जिला संयोजक के रूप में दी थी। इस संबंध में मनोज गोयल ने बोकारो जिले की कार्यकारिणी की एक सूची आज राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में दी, फेबस के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला एवं महासचिव सत्येंद्र कुमार सिंह द्वारा पत्र जारी किया गया जिसमें बोकारो जिला का अध्यक्ष फुसरो के दिनेश सिंह एवं फुसरो के मनोज गोयल को उपाध्यक्ष, चास के सुरेश चंद्र अग्रवाल को सचिव , जेनामोर के पंकज सिंह को कोषाध्यक्ष एवं गोमियां के पवन कुमार , करगली बाजार के चन्दन अग्रवाल, जरिडीह बाजार के राजीव सलूजा को कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी दी गई दिनेश सिंह ने कहा व्यापारी की हर समस्या के समाधान एवं इस संगठन के विस्तार मे अपनी पूरी कोशिश करेंगे। फेबस जिला कार्यकारिणी का गठन होने पर भाजपा जिला मंत्री विक्रम पांडेय,भाजपा नेत्री ऊषा सिंह, भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह व राजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी, फुसरो व्यवसाई संघ के देवी दास जी, कृष्ण कुमार एवं आर उनेश, महामंत्री टुनटुन तिवारी, बेरमो मारवाडी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेंद्र खेमका, संयोजक दिलीप गोयल, ओमप्रकाश अग्रवाल,समाजसेवी महारुद्र नारायण सिंह, एडवोकेट मनोज कुमार सिंह, मारवाडी युवा मंच के प्रदेश संगठन मंत्री रोहित मित्तल, भाजपा नेता वैभव चौरसिया, रविंद्र कुमार सिंह, भरत वर्मा व अशोक सिंह सहित श्रवण अग्रवाल, इलियास हुसैन, पिंटू सिंह, मंजूर हुसैन उर्फ जिया, सुभाष बरनवाल, मारवाड़ी युवा मंच एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं आदि ने बधाई दी।

### नीरू शांति भगत ने दी शुभकामना




**कुडू :** अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मौके पर आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह स्वर्गीय पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत ने नगर क्षेत्र के साथ-साथ कुडू, कैरो, भंडरा सहित अन्य मंदिरों में जाकर माथा टेका एवं सभी को शुभकामनाएं दी एवं जिले ,राज्य एवं देश के उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना की, इस मौके पर श्रीमती भगत के साथ उनके सहयोगी एवं आजसू पार्टी के पदाधिकारी शामिल थे।

संपादकीय

# भये प्रकट कृपाला दीन दयाला

गोस्वामी तुलसीदास ने जब यह रचना की थी, उस वक्त की आतंरिक परिस्थितियां भिन्न थी और विचार के लिए माना जा सकता है कि उन्होंने भी इस राम चरित मानस के जरिए स्वतंत्रता का अलख जगाने का काम किया था। राम चरित मानस धीरे धीरे घर घर में पढ़ा जाने वाला संस्कार बन गया। दूसरी तरफ राम मंदिर का आंदोलन ऐतिहासिक तौर पर चलने वाला सबसे लंबा संघर्ष और कानूनी तौर पर सबसे लंबी लड़ाई का रिकार्ड बना गया। कानूनी दस्तावेजों को सही माना जा सकता है क्योंकि उनके रिकार्ड मौजूद हैं। इसलिए यह माना जा सकता है कि भारत के कानूनी इतिहास में सबसे लंबे समय से चली आ रही लड़ाइयों में से एक का समापन हुआ है। अयोध्या विवाद में पहला मामला 134 साल पहले दायर किया गया था। दशकों से, इसने कानूनी पदानुक्रम के माध्यम से अपना रास्ता बना लिया है, फैजाबाद सिविल कोर्ट से लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक, यहां तक कि भारत एक ब्रिटिश द्वारा शासित उपनिवेश से एक स्वतंत्र



गणराज्य बन गया है। यहां मामले के कुछ महत्वपूर्ण मील के पत्थर हैं, जिसमें राम जन्मभूमि आंदोलन के रूप में आधुनिक भारत में सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक लामबंदी का जन्म भी हुआ। अयोध्या विवाद में पहला दर्ज कानूनी इतिहास 1858 का है। 30 नवंबर, 1858 को मोहम्मद सलीम नामक व्यक्ति ने निहंग सिखों के एक समूह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिन्होंने बाबरी मस्जिद के अंदर अपना निशान स्थापित किया था और राम लिखा था। उन्होंने हवन और पूजा भी की। अवध के थानेदार शीतल दुबे ने 1 दिसंबर, 1858 को अपनी रिपोर्ट में शिकायत का सत्यापन किया और यहां तक कहा कि सिखों द्वारा एक चबूतरा (चबूतरा) का निर्माण किया गया है। कानूनी लड़ाई 1885 में शुरू हुई, जब महंत रघुबर दास ने भारत के राज्य सचिव के खिलाफ मुकदमा दायर किया। दास ने दावा किया कि उन्हें वहां मंदिर बनाने की अनुमति दी जानी चाहिए। 1886 में, 1885 के फैसले के खिलाफ एक सिविल अपील (नंबर 27) दायर की गई थी। फैजाबाद के जिला न्यायाधीश एफईआर चैमियर ने आदेश पारित करने से पहले घटनास्थल का दौरा करने का फैसला किया। बाद में उन्होंने अपील खारिज कर दी। इस बर्खास्तगी के खिलाफ दूसरी सिविल अपील (नंबर 122) दायर की गई थी, जिसे न्यायिक आयुक्त की अदालत ने भी खारिज कर दिया था। अगले 63 वर्षों तक मामले में कोई कानूनी प्रगति नहीं हुई। 1934 में अयोध्या में दंगा हुआ और हिंदुओं ने विवादित स्थल के ढांचे का एक हिस्सा गिरा दिया। इसका पुनर्निर्माण अंग्रेजों द्वारा किया गया था। 22 और 23 दिसंबर 1949 की मध्यरात्रि को मस्जिद के केंद्रीय गुंबद के अंदर मूर्तियाँ मिलीं। तब फैजाबाद के डीएम केके नायर ने मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत को मूर्ति रखने की सूचना दी। मामले में एफआईआर दर्ज की गई और उसी दिन गेट पर ताला लगा दिया गया। एक सप्ताह बाद, 5 जनवरी, 1950 को प्रिया दत्त राम ने रिसीवर के रूप में कार्यभार संभाला। 16 जनवरी, 1950 को हिंदू महासभा के गोपाल सिंह विशारद इस मामले में स्वतंत्र भारत में मुकदमा दायर करने वाले पहले व्यक्ति बने। उसी दिन, सिविल जज ने निषेधाज्ञा का आदेश पारित किया और पूजा की अनुमति दी। 25 मई को दूसरा मुकदमा परमहंस रामचन्द्र दास ने जहूर अहमद और अन्य के खिलाफ दायर किया था और यह पहले मुकदमे के समान था। नौ साल बाद, 17 दिसंबर, 1959 को निमोर्ही अखाड़े ने रिसीवर से प्रबंधन लेने के लिए तीसरा मुकदमा दायर किया। 20 मार्च, 1963 को अदालत ने कहा कि पूरे हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व कुछ व्यक्तियों द्वारा नहीं किया जा सकता। इसने हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने के लिए हिंदू महासभा, आर्य समाज और सनातन धर्म सभा को प्रतिवादी के रूप में शामिल करने के लिए एक सार्वजनिक नोटिस जारी करने का आदेश दिया। 1 जुलाई, 1989 को, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश देवकी नंदन अग्रवाल द्वारा राम लला विराजमान (देवता, एक छोटा कानूनी व्यक्ति माना जाता है) के अगले दोस्त के रूप में फैजाबाद में सिविल जज के समक्ष पांचवां मुकदमा दायर किया गया था। इसमें प्रार्थना की गई कि नए मंदिर के निर्माण के लिए पूरी जगह राम लला को सौंप दी जाए। 1989 में शिया वक्फ बोर्ड ने भी मुकदमा दायर किया और मामले में प्रतिवादी बन गया। 25 जनवरी 1986 को, एक वकील, उमेश चंद्र पांडे ने मुंसिफ मजिस्ट्रेट, फैजाबाद के समक्ष एक आवेदन दायर किया, जिसमें प्रार्थना की गई कि ताले खोले जाएं और लोगों को अंदर पाई गई मूर्तियों के दर्शन करने की अनुमति दी जाए। 1 फरवरी को फैजाबाद के डीएम और एसपी दोनों ने अदालत में स्वीकार किया कि अगर ताले खोले गए तो शांति बनाए रखने में कोई समस्या नहीं होगी। आगे की जानकारी नई नहीं है। इस तरह एक काफी लंबे संघर्ष का पटाक्षेप होना कानून के लिहाज से बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# आजादी का असली हीरो नेताजी सुभाष चंद्र बोस

भारत की आजादी केवल अहिंसा आंदोलन करके और भीख मांगके नहीं आई है, नहीं चरखा चलाकर और बिना खड़ग और बिना ढाल से आई है।आजादी के लिए काफी खून देना पड़ा है, त्याग और बलिदान देना पड़ा है।आजादी के लिए जिन सुर वीरो ने चुपचाप अपना बहुमूल्य प्राण दे दिया था इतिहास के पन्ने में उन सभी का नाम नहीं है।यह बड़ा ही शर्म और दुःख की बात है।उन सभी शहीदों को बहुत सारे लोग आतंकवादी,देशद्रोही,जापान का दलाल भी बोलते हैं ।खुदीराम बोस से लेकर सूर्य सेन,बाघा जतिन,बिनय, बादल, दिनेश, प्रफुल्य चाकी,प्रीतिलता,कानाईलाल, भकत सिंह से लेकर चंद्र शेखर आजाद,राजगुरु, शुकदेव,मंगल पांडेय,उधम सिंह,झांसी रानी लक्ष्मी वाई से लेकर नाना साहब,तांतिया टोपी,बिरसा मुंडा कितने अनगिनत नाम है जो लोग भारत की आजादी के लिए प्राण त्याग दिया है।आज हम उन सभी का नाम न सबलोग जानते



**सुनील कुमार दे**
पत्रकार

हैं,न इतिहास में पढ़ाया जाता है।

भारत के स्वाधीनता संग्राम में सबसे प्रभावशाली नाम है नेताजी सुभाषचंद्र बोस।महात्मा गांधी,सारदार पटेल,जवाहरलाल, नेहरू,लाल,बाल, पाल, चित्तरंजन दास,रास बिहारी बोस आदि का भी योगदान को हम नकार नहीं सकते।अगर कोई कहे बापूजी और चाचाजी की अहिंसा आंदोलन से भारत की आजादी आई है तो यह गलत है।अंग्रेज अगर किसी से डरता था तो सिर्फ और सिर्फ नेताजी सुभाषचंद्र बोस से।बास्तब में नेताजी सुभाषचंद्र बोस ही स्वतंत्रता संग्राम का असली हीरो है।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जन्म 1897 के 23 जनवरी को उड़ीसा के कटक शहर में हुआ था।उनके पिताजी का नाम जानकी नाथ बोस और माताजी का नाम प्रभावती देवी था।बेनी माधव दास उनके शिक्षा गुरु थे।1913 को प्रथम श्रेणी में मैट्रिक पास,1918 में प्रथम श्रेणी में दर्शन शास्त्र लेकर बीए पास और 1920 में आई सी इस परीक्षा में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया

### 23 जनवरी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विशेष

था।सुभाष चंद्र बोस स्वामी विवेकानंद जीवनी और वाणी से काफी प्रभावित थे।उनको आध्यात्मिक गुरु भी मानते थे।युवा अवस्था में साधु बनने का मन भी बना लिया था।लेकिन रामकृष्ण देव जी के त्यागी शिष्य स्वामी ब्रह्मानंद के समीप में जाकर उनके आदेश अनुसार देश सेवा में जुट गए।स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पढ़कर देश के प्रति अगाध प्रेम और भक्ति बढ़ गया।देश की आजादी के लिए काम करने का मन बना लिया।सुभाष बाबू का कर्मभूमि कोलकाता रहा।आई सी इस पास करने के बाद उनको अंग्रेज सरकार की नोकरी भी मिली थी लेकिन सुभाष अंग्रेजों का गुलाम बनने के लिए तैयार नहीं था।इसलिए 1922 को उन्होंने आई सि इस कि नोकरी छोड़ दी।उस समय देश में आजादी की लड़ाई शुरू हो चुकी थी।महात्मा गांधी अहिंसा आंदोलन कर रहे थे।सुभाष बाबू गांधीजी से मुलाकात किया।कांग्रेस में योगदान भी किया।हरिपुरा कांग्रेस अधिवेशन में कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष भी चुने गए लेकिन इससे गाँधीजी खुश नहीं थे।सुभाष का विचार धारा गांधीजी को पसंद नहीं था।गांधीजी का मत और पथ सुभाष को भी पसंद नहीं था इसलिए सुभाष बाबू अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर कहा,,बापूजी,मैं आपके मत और पथ से सहमत नहीं हूं।आजादी कोई देते नहीं है उसे छीन के लेना पड़ता है।इसके लिए स्वशत्र संग्राम की जरूरत है।त्याग और बलिदान की जरूरत है।उसके बाद सुभाष चित्रंजन दास से मिले।उनका विचार अच्छा लगा।सुभाष ने चित्तरंजन दास को अपना राजनैतिक गुरु के रूप में स्वीकार किया और उनसे आजादी का मंत्र लेकर विदेशी वस्त्र वर्जन आंदोलन शुरू कर दिया।उसके बाद सुभाष फॉरवर्ड ब्लॉक नामक एक राजनैतिक दल का गठन किया और आंदोलन तेज कर दिया।सुभाष पुकार पुकार के देशवासियो से कहने लगा,,,तुम मुझे खून दो,मैं तुझे आजादी दूंगा,,। सुभाष की बात कोई सुना,कोई नहीं सुना,कोई पागल कहा तो कोई उपहास किया।देश के कोने कोने में घूम घूमकर देशवासियो को जगाने लगे लेकिन मन नहीं भरा।उस समय द्वितीय विश्व युद्ध चल रहा था।1941 के 26 जनवरी को पठान भेष धारण करके सुभाष देश छोड़कर बाहर चले गए।उनको देश छोड़ने में मदत किया था उनके दो भतीजे शिशिर बोस और अशोक कुमार बोस।सुभाष पठान भेष में अफगानिस्तान होते हुए सोवियत देश के मास्को पहुंचे।मास्को से रोम होते हुए जर्मनी पहुंचे।जर्मनी में हिटलर से भेंट किया,सहयोग मंगा लेकिन संतोष प्रद जवाब नहीं मिला।अंत मे 1943 को जर्मनी छोड़कर जापान पहुंचे।जापान में उस समय रास बिहारी बोस ने इंडियन नेशनल आर्मी नाम से एक सैनिक संगठन का गठन किया था।1943 के 21 अक्टूबर को रासबिहारी बोस ने सेना बाहिनी का दायित्व सुभाष बाबू के हाथ में सोप दिया।सुभाष बाबू नेता से नेताजी बन गए। आजाद हिन्द फौज में कुल 60000 हजार सैनिक था। आजाद हिंद सरकार का निजी मुद्रा,अदालत, बैंक,कानून,सेनवाहिनी आदि सब कुछ था।आजाद हिंद सरकार को उस समय कुल 9 देशो ने मान्यता दी थी।आजाद हिंद फौज ने अन्दावर और निकोवर में पहला आजादी की पहली तिरंगा झंडा फहराई थी।उसके बाद दिल्ली चलो नारा लेकर 1945 में असम में ब्रिटिश के साथ आजाद हिन्द फौज का घमासान लड़ाई हुई।युद्ध में करीब 26000 फौज शहीद हो गए।प्राकृतिक दुर्योग शुरू हो गई।बम ,बारूद,गोली खत्म हो गया, खाना,दवा के बिना सैनिक मरने लगे।जापान भी सहयोग करना बंद कर दिया।1945 के 15 अगस्त को नेताजी साथियो को संबोधन करते हुए कहा,,,आज हमारे बीच जो संकट आई है मै कभी स्वप्न में भी नहीं सोचा था।लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि हम आजादी की लड़ाई हार चुके हैं।आज भी देश के करोड़ो जनता आजाद हिंद फौज से उम्मीद रखते हैं।इसलिए हमारा अंतिम लक्ष्य दिल्ली है।दुनिया में यैसा कोई शक्ति नहीं है अब और ज्यादा दिन भारत को पराधीन करके रख सके।अति शीघ्र अंग्रेज को यह देश छोड़कर जाना ही पड़ेगा।जय हिंद।दिल्ली चलो।जय भारत।1945 के 18 अगस्त को अंतिम शब्द कहा,,,भारत की स्वाधीनता अब और कोई नहीं रोक सकता।मैं जल्दी ही भारत आकर सबसे मिलूंगा।मैं जानता हूँ कि रास्ते में आप सभी का काफी कठिनाई आयेगी लेकिन जय आप सभी का होगा।जय हिंद।यह कहते हुए नेताजी विमान में जापान से रूस की ओर चले गए।उस दिन प्रचार किया गया नेताजी का विमान दुर्घटना ग्रस्त हो गया है और नेताजी विमान दुर्घटना में मारे गए हैं।लेकिन यह बात कतई सत्य नहीं है।नेताजी की मृत्यु का कोई ठोस प्रमाण नहीं है इसलिए नेताजी का मृत्य आज भी रहस्यमय है।

जनवरी जयन्ती पर विशेष

# क्रांतिकारी योद्धा थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 126 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और



**रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र- पत्रकार

जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। तत्पश्चात उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उनको उन्होने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चैथा स्थान प्राप्त किया था। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे।

**सन 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया।**

26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधी जी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें। लेकिन गांधीजी अपना वचन तोडने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये।

1930 में सुभाष कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबियत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया।

1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा।


# बाढ़ और राहत बचाव कार्य

**गतांक से आगे .. .. ..**

यह सब सुनकर महाराज और दरबार में मौजूद अन्य मंत्री बहुत खुश हुए।

सभी नें मंत्री के काम की काफी प्रसंशा की। वहीं तेनालीराम ने भी सभी के सुर में सुर मिलाते हुए मंत्री की प्रशंसा कर दी। कुछ देर बाद जब दरबार का कार्य खत्म हुआ। सभी दरबारी अपने-अपने घर चले गए, लेकिन तेनालीराम वहीं अपनी जगह पर बिल्कुल शांत बैठा रहा।तेनालीराम को इस स्थिति में देख महाराज कृष्णदेव ने पूछा, ह्यतेनालीराम तुम घर क्यों नहीं गए, क्या बात है? इसपर तेनालीराम बोला, ह्यमहाराज मंत्री ने राज्य में जो राहत और बचाव कार्य किया वह अपनी जगह है, लेकिन यदि आप प्रजा से मिलेंगे तो उन्हें इससे ज्यादा खुशी

प्रेरक-प्रसंग



होगी।

तेनालीराम की यह बात महाराज को पसंद आई। उन्होंने अगले दिन ही तेनालीराम के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने का फैसला किया।अगले दिन सुबह होते ही महाराज और तेनालीराम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए तैयार हो गए। दोनों ने अपने-अपने घोड़े की सवारी की और आगे बढ़ने लगे। कुछ दूरी पर महाराज रूक गए और चौंककर तेनालीराम से पूछा, ह्ये शाही बाग में लगे सुंदर पेड़ और फलदार वृक्ष कहां गए? तेनाली ने कटाक्ष करते हुए कहा, ह्यहो सकता है महाराज यह पेड़ बाढ़ के साथ बह गए हो।तेनालीराम की यह बात सुनकर महाराज खामोश हो गए और आगे बढ़ने का इशारा किया। दोनों कुछ दूर आगे बढ़ ही पाए थे कि महाराज की नजर वहां मौजूद नालों पर पड़ी। नालों पर मंत्री जी को पुल बनवाने को कहा गया था, लेकिन वहां पुल की जगह पेड़ों के तने डाले गए थे। .. .. .. **जारी।**

जानकारी

# सिंगापुर का इतिहास



लगभग 130000 भारतीय, ऑस्ट्रेलियाई और ब्रिटिश सैनिक युद्धबंदी बन गए, जिनमें से कई लोगों को बाद में दास मजदूरों के रूप में 'हेल शिप्स' कहे जाने वाले कैदी परिवहन वाहनों के माध्यम से बर्मा, जापान, कोरिया या मंचूरिया ले जाया गया। सिंगापुर का पतन इतिहास में अंग्रेजी-नेतृत्व वाली सेनाओं का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण था।

सिंगापुर का नया नाम स्योनान-तो जापानी में 'लाइट ऑफ द साउथ आइलैंड (दक्षिणी द्वीप का प्रकाश)' दिया गया जिस पर 1942 से 1945 तक जापानियों का कब्जा बना रहा। जापानी सेना ने स्थानीय आबादी के खिलाफ कड़े उपाय किये जिसमें सैनिकों, विशेष रूप से केम्पीताई या जापानी सैन्य पुलिस चीनी आबादी के साथ खास तौर पर क्रूरता से पेश आ रहे थे। सबसे उल्लेखनीय क्रूरता चीनी नागरिकों के सूक चिंग नरसंहार के रूप में थी जो चीन में युद्ध के प्रयास में समर्थन के खिलाफ एक जवाबी कार्रवाई थी। सामूहिक मौत (फांसी) में मलाया और सिंगापुर में 25,000 और 50,000 के बीच लोगों की जीवन लीला समाप्त कर दी गयी। बचे हुई आबादी को जापानी कब्जे के पूरे साढ़े तीन वर्षों में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

## Vivo G2 लॉन्च हुआ 8GB रैम, 5000mAँ बैटरी, 90Hz डिस्प्ले के साथ

नई दिल्ली : Vivo G2 को Vivo ने अपनी G सीरीज के पहले स्मार्टफोन के रूप में लॉन्च कर दिया है। Vivo G2 में 6.56 इंच का HD+ रिजॉल्यूशन वाला LCD डिस्प्ले मिलता है। इसमें 90Hz रिफ्रेश रेट दिया गया है। यह Android 13 आधारित OriginOS 3 पर रन करता है। फोन में कंपनी ने 13 मेगापिक्सल कैमरा दिया है जो रियर में मेन कैमरा के रूप में मौजूद है। फ्रंट में यह 5 मेगापिक्सल सेल्फी कैमरा के साथ आता है।



**Vivo G2 Price**

Vivo G2 के प्राइस की बात करें तो फोन 4GB + 128GB वेरिएंट के लिए 1199 युआन (लगभग 14,000 रुपये), 6GB + 128GB वेरिएंट के लिए 1499 युआन (लगभग 17,700 रुपये), 8GB + 128GB वेरिएंट के लिए 1599 युआन (लगभग 18,800 रुपये), 8GB + 256GB वेरिएंट के लिए 1899 युआन (लगभग 22,500 रुपये) में आता है। फोन को कंपनी सिंगल डीप सी ब्लैक कलर में पेश किया है।

**Vivo G2 Specifications**

Vivo G2 में 6.56 इंच का HD+ रिजॉल्यूशन वाला LCD डिस्प्ले मिलता है। जिसमें 1612 x 720 पिक्सल रिजॉल्यूशन और 90Hz रिफ्रेश रेट दिया गया है। यह Android 13 आधारित Origin OS 3 पर रन करता है। फोन में डिस्प्ले के अंदर कंपनी ने टियरड्रॉप नॉच डिजाइन दिया है। नॉच में 5 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा फिट किया गया है। रियर में फोन सिंगल 13 मेगापिक्सल कैमरा कैरी करता है जिसके साथ में कंपनी ने छएऊफ्लैश को भी जगह दी है।

Vivo G2 में प्रोसेसिंग के लिए Dimensity 6020 चिपसेट मौजूद है जिसे 8 जीबी तक LPDDR4x RAM की पेअरिंग मिली है। स्टोरेज स्पेस की बात करें तो यह 256 जीबी तक UFS 2.2 स्टोरेज के साथ साथ आता है। इसके अलावा कंपनी ने माइक्रोएसडी कार्ड का स्लॉट भी दिया है जिसकी मदद से स्टोरेज को बढ़ाया जा सकता है। Vivo G2 में स्मार्टफोन मेकर ने 5,000mAh बैटरी दी है जिसके साथ में 15ह फास्ट चार्जिंग सपोर्ट है। फोन में चार्जिंग के लिए यूएसबी टाइप सी पोर्ट मिलता है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"राम मंदिर सिर्फ एक देव मंदिर नहीं, यह भारत के दिग्दर्शन का मंदिर है। ये भारत की दृष्टि का, भारत के दर्शन का, भारत के दिग्दर्शन का मंदिर है। मंदिर भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव और समन्वय का प्रतीक है। मंदिर निर्माण किसी आग को नहीं बल्कि ऊर्जा को जन्म देता है।"

**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री





"राम आ गए।कंगना रनौत रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले ही अयोध्या पहुंच गई थीं और वहां उन्होंने सभी धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था।"

**कंगना रनौत**
बॉलिवुड

संपादक के नाम पत्र

### मन्दिरो के दर्शन करते तीर्थयात्रियों से पोषित होता अर्थतंत्र

मन्दिरो की बढ़ती आय से अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। बढ़ती आय से सरकारी अर्थव्यवस्था सुद्रढ़ बन रही है।अयोध्या मंदिर भी इसी कड़ी का महत्वपूर्ण घटक बन गया है।अयोध्या मन्दिर की प्रतिष्ठा हो चुकी है।रामभक्तों का आवागमन आज सुबह से शुरू हो जाएगा।मन्दिर उद्घघाटन के बाद आने वाले दर्शनार्थियों की संख्या दिनप्रतिदिन बढ़ती रहेगी।अयोध्या मन्दिर के हर वर्ष के लिए आने वाले दर्शनार्थी की 6.8 करोड़ लोग मन्दिर के दर्शन कर पाएंगे।जैन और बौद्ध मन्दिर भी इसके उदाहरण है, जहाँ करोड़ो लोग हर वर्ष दर्शन करते है।मंदिरों की आय से देश की कुल जीडीपी में वृद्धि हुई है।हिन्दू मन्दिरो से करोड़ो रुपये का चढ़ावा आता है।अर्थतंत्र भारत मे करोड़ो रुपए का योगदान दे रहा है।इसमे 3.02लाख करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है।जबकि मन्दिर ट्रष्ट को भेंट किया जाता है।मन्दिर और तीर्थ स्थल अध्यात्म के स्थान तो है लेकिन मन्दिरो से मिलने वाली करोड़ो रुपए की आय सरकार की तिजोरी छलकती नजर आती है।ये रकम देश के विकास में भरपूर योगदान के लिए कार्य मे लग रही है।आस्था का केंद्र मन्दिरो में भगवान को चढ़ावा हर एक व्यक्ति अपनी सामर्थ्य के आधार पर चढ़ाता है।हर वर्ष करोड़ो रुपये की आमदनी होती है।आर्थिक आत्म निर्भरता में मन्दिरो की आय योगदान कर रही है।मन्दिर दर्शन के लिए जाने वाले भक्त फुटकर व्यापारी से वस्तु खरीदते है जिससे वे जीविकोपार्जन के लिए मन्दिरो के बाहर स्टॉल लगाते है। यह जरिया उनके परिवार के लिए खास महत्वपूर्ण है और सरकार को मिलने वाली मसमोटी रकम देश के विकास में पूरा सहयोग करती है।दर्शन के लिए आने वाले दर्शनार्थियो से क्रय की गई वस्तुओं और कारोबारियों के बढ़ते व्यापार से व्यापारी पनप रहे है।जिससे मन्दिरो का महत्व बढ़ जाता है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### तीनों लोक में मन रहा आज का पवित्र दिन

**अयोध्या :** प्रसिद्ध पार्श्वगायक कैलाश खेर ने अयोध्या राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया और इसे 'तीनों लोक' में मनाया जाने वाला एक पवित्र दिन बताया। उत्तर प्रदेश के इस पवित्र शहर में भव्य समारोह में सहभागिता के लिए कैलाश के अलावा संगीत जगत से जुड़े प्रमुख भी यहां पहुंची हैं।

## सिटी अपडेट्स >>

### विधायक ने ज्योति जलाकर राम दीपावली मनाया

हजारीबाग :हजारीबाग अयोध्या धाम में सोमवार को रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। इस पुनीत अवसर पर हजारीबाग वासियों ने विराट रामोत्सव मनाया। हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल दिनभर क्षेत्र में लोगों के बीच रहने के बाद सायंकाल होते ही अपने आवासीय परिसर विश्वेश्वर दयाल जायसवाल पथ पहुंचे। जहां अपने माता- पिता और परिवारजनों संग मिलकर रामज्योति प्रज्वलित कर राम दीपावली मनाया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों के जरिए भी लोगों को यह संदेश देते हुए अपील किया कि आप सभी भी अपने घरों में भी रामलला का स्वागत करें और रामज्योति जरूर जलाएं। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा की अब से हम दो दीपावली मनाएंगे। एक दीपावली जो हम मानते आ रहे हैं और दूसरा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम दीपावली।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भंडारे में सम्मिलित हुई आशा व गंगोत्री

कुडू : अयोध्या धाम में हमसबों के आराध्य श्रीरामलला जी के अपने दिव्य भव्य मंदिर में विराजमान होने के अवसर पर ग्राम हेसवे में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहां बड़े डिजिटल स्क्रीन में श्रीराम लला जी के मन्दिर में विराजमान होने की पूजन प्रक्रिया दिखाई गई और इसके साथ ही गाजे बाजे के साथ सबों के आदर्श श्रीरामलला के अपने दिव्य भव्य मंदिर में पुनः विराजमान होने की घड़ी को ऐतिहासिक रूप से भक्तिपूर्ण और अविस्मरणीय बनाया। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा मुख्य अतिथि और मांडर विधानसभा की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर विशिष्ट अतिथि के रुप में इस कार्यक्रम में सम्मीलित हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशा लकड़ा ने कहा कि आज सदियों का वनवास काटने के बाद हमसबों के आराध्य का वनवास समाप्त हुआ है और वे टेंट से अपने दिव्य भव्य मन्दिर में पुनर्स्थापित हुए हैं। पीढ़ियों ने इस दिन के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया है तब जाकर आज यह शुभ घड़ी आई है। हमारे प्रधानसेवक आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी का अथक परिश्रम और उनकी तपस्या इसमें सम्मिलित है। गंगोत्री कुजूर ने कहा कि आज हमारे आदर्श और राजा के अपने दिव्य भव्य मन्दिर में आगमन होने के साथ ही श्रीरामराज्य का आरम्भ हुआ है। अब आनेवाले दिनों में पुनः भारतवर्ष सम्पूर्ण विश्व का अग्रज और विश्वगुरु बनेगा। इस पावन अवसर पर हमें जी भरकर खुशियां मनानी चाहिए और दीपावली मनाकर धूमधाम से इस दिन को इस क्षण को अतुलनीय बनाना चाहिए था जिसे आज हमसबों ने मिलकर बनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, मांडर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखण्ड प्रदेश के प्रदेशमंत्री अजातशत्रु सहित अन्य उपस्थित थे।

**आस्था**

### अयोध्या में रामलला के आगमन पर राममय हुआ हजारीबाग

# भगवान राम भक्ति को करते है प्रदर्शित : मनीष

▶▶ विधायक रामभक्तों के कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

**राष्ट्रीय खबर**



**हजारीबाग :** हजारीबाग करीब 500 सालों से जिनका इंतजार था वह अब समाप्त हो गया और इसी के साथ सनातनियों के लिए एक नए युग का शुभारंभ हुआ। राम जन्मभूमि अयोध्या में सदियों बाद टेंट से निकलकर भगवान श्री राम लाल अपने मंदिर में पधार गए। अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक कार्यक्रम के अवसर पर हजारीबाग भी राममय हुआ। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के लगातार 20 दिनों के अथक प्रयास और मेहनत का प्रतिफल सोमवार को दिखा जब गांव कस्बों से भी राम भक्त की अद्भुत बयार बहती दिखी। हजारीबाग के चप्पे चप्पे में भगवा पटाखों से पाठ दिया गया वहीं हर मंदिर रामभक्तों की उपस्थिति से गुलजार रहा। इस ऐतिहासिक भव्य, दिव्य और अभूतपूर्व कार्यक्रम में गवाह बनी विधायक मनीष जायसवाल खुद अहले सुबह से लेकर देर शाम तक भक्ति भाव में लीन होकर क्षेत्र में राम भक्तों का उत्साहवर्धन करते दिखे। विधायक मनीष जायसवाल ने इस ऐतिहासिक दिन की शुरूआत अपने आवासीय परिसर में पूजा-पाठ से की। जिसके बाद हजारीबाग सदर प्रखंड क्षेत्र के 5 पंचायत के कई गांव में सघन दौरा किया। उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत ग्राम पंचायत ओरिया से की। यहां ओरिया ग्राम वासियों के द्वारा निकाले गए सौहार्दपूर्ण शोभायात्रा में शामिल हुए और हाथों में भगवा झंडा लहराकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। यहां से ग्राम पंचायत सिलवार खुर्द स्थित भगवान जगन्नाथ धाम परिसर पहुंचे जहां जगन्नाथ मंदिर में विशेष रामोत्सव के पुजनोत्सव में भाग लिए। यहां स्थानीय महिलाओं द्वारा मधुर मंगल गीत का श्रवण किया और राम भक्तों का मान बढ़ाया। चुटियारो पंचायत स्थित ग्राम डूमर में ग्राम वासियों द्वारा निकाले गए जीवंत राम जानकी झांकी का अवलोकन किया और बाल कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। ग्राम पंचायत मेरू पहुंचने पर विधायक मनीष जायसवाल का आतिशबाजी की गूंज के साथ भव्य स्वागत किया गया। यहां विधायक मनीष जायसवाल ने भी पटाखे फोड़े और आकर्षक श्री राम रथ का अवलोकन किया। मेरू के एक बाल कलाकार को वीर बजरंगबली के रूप में देख विधायक मनीष जायसवाल भी मोहित हो गए। यहां विशाल भगवा महावीरी पताखों को लहराता देखना एक अद्भुत अनुभव रहा। मेरू के बाद अमनारी पंचायत के ग्राम सेखा पहुंचे। यहां सेखा धाम परिसर में संपूर्ण ग्राम वासियों की एकजुट और पूजा पाठ में लीन देख विधायक मनीष जायसवाल ने उनके बीच घंटों का समय व्यतीत किया। सेखा ग्राम वासियों ने भी विधायक मनीष जायसवाल का अंग- वस्त्र भेंट कर बड़े ही आत्मीयता से स्वागत किया । हजारीबाग शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कई कार्यक्रमों में विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और रामकाज में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज की। सरदार चौक स्थित काली बाड़ी मंदिर में प्रसाद वितरण में शामिल हुए और आयोजकों का उत्साह वृद्धि किया।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चालीसा व झंडा का वितरण

**राष्ट्रीय खबर**



**हजारीबाग :** हजारीबाग करीब 500 सालों के बाद जिस पल का इंतजार था वह अब समाप्त हो गया और इसी के साथ सनातनियों के लिए एक नए युग का शुभारंभ हुआ। राम जन्मभूमि अयोध्या में सदियों बाद भगवान श्री राम लाल अपने मंदिर में पधार गए। अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक कार्यक्रम के अवसर पर हजारीबाग भी राममय हुआ। इसी क्रम में हजारीबाग के समाजसेवी चन्दन राठौर ने अपने गृह क्षेत्र कोलघट्टी, झिल नगर रोड को पूरा सीरीज लाइट फूलों से साज सज्जा रंगोली जगह, जगह पर फूलों से सजा हुआ आकर्षक द्वार के साथ भगवान श्री राम के पोस्टर लगाकर राम जी का स्वागत कर रहे हैं। चन्दन राठौर ने लोगों के बीच रामचरितमानस, हनुमान चालीसा, भगवा ध्वज, मिट्टी का दिया, घी, लड्डू का वितरण कर रहे हैं। वहीं एलईडी टीवी प्रोजेकटर लगाकर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी किये। झील नगर चौक में हनुमान मंदिर को पूरा साज सज्जा से सजा दिया गया है। वहीं शिव मंदिर में फूलों लाइट से सजा कर भगवान श्री राम के स्वागत में कीर्तन भजन किया जा रहा है। कोलघट्टी चौक स्थित हनुमान मंदिर में चारों तरफ से आकर्षक सज्जा के साथ मन्दिर में पूजन पाठ किया गया।

सबों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। चन्दन राठौर ने कहा कि यह ऐतिहासिक दिन 500 वर्षों के बाद आया है। इसे आज हम सभी सनातनी त्योहार के रूप में मना रहे हैं। हम सबों के साथ प्रभु श्री राम जी का कृपा सबों पर बना रहे।

## आम का पौधा लगाकर किया भगवान श्री राम का स्वागत

**राष्ट्रीय खबर**



**हजारीबाग:** हजारीबाग लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साहू ने सोमवार को अपने आवास के बागान में आम का पौधा लगाकर श्री राम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का स्वागत किया है। और सभी राम भक्तों को शांतिपूर्वक से रामलाल का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने को कहा श्री साहू ने यह भी कहा कि अब मेरा भारत में रामराज स्थापित हो गया है। लेकिन जनता के बीच अब रामराज स्थापित करना है जिससे निशुल्क शिक्षा और निशुल्क चिकित्सा सामाजिक न्याय अगर हमारे देश के जनता को मिल जाए तो हर घर रामराज स्थापित हो जाएगा। श्री साहू ने अभी कहां यादी मेरे देश में जिस तरह से राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा में उत्साहित है अगर इसी प्रकार से अपने बच्चों को पढ़ाई लिखाई करने में उत्साहित हो जाएगी तो मेरा देश को विश्व गुरु बनाने से कोई रोक नहीं पाएगा इसलिए सभी देशवासियों से निवेदन है कि भगवान श्री राम को सांची मानते हुए अपने बाल बच्चे को बच्चे जब 3 साल के हो जाएंगे उसके बाद जितना भी पढ़ाई का खर्च हो वह सरकार बियर करेगी चाहे वह बच्चा इंजीनियर की पढ़ाई पढ़ें डॉक्टर की पढ़ाई , डी एस पी बनने की इच्छा रखें एस पी बनने की इच्छा रखें चाहे वह जिस स्थान प्राप्त करने की चाहत हो उसे लोकहित अधिकार पार्टी के सरकार मंजिल तक पहुंचाने की काम करेगी।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली झांकी



**राष्ट्रीय खबर**

**इचाक:** इचाक अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा व श्री राम प्रभु की मूर्ति स्थापित को लेकर इचाक प्रखंड में बरियठ गांव सहित कुरहा, इचाक बाजार,बोंगा,उरुका, बरका खुर्द, दरिया,बोंगा,चंदा, गिरही,इचाक मोर,रुद, डुमरौन,सिरसी समेत दर्जनों गांवो से जीवंत झांकी निकले व लोग मंदिरों में पूजा कीर्तन करते नजर आए। एवं चंदा एवं बुढ़िया माता मंदिर इचाक में रैंबो किड्स स्कूल के प्रोपराइटर विकेश कुमार एवं शशिकांत कुमार द्वारा 5100 सौ दिया से सुसज्जित किया गया। वही बरियठ से निकले शोभा यात्रा में दर्जनों ग्रामीण जय श्री राम का नारा लगाते गेरुआ वस्त्र धारण किए पूरे गांव भ्रमण किया । एवं बजरंगबली मंदिर में भंडारा का आयोजन किया गया ।शोभा यात्रा का नेतृत्व समाजसेवी कुलदीप प्रसाद मेहता एवं निरंजन कुमार मेहता कर रहे थे। मौके पर पंचायत के मुखिया निशु कुमारी, छकौड़ी मेहता ,हेमंत कुमार, दयानंद कुमार, सुजीत कुमार ,राजेंद्र मेहता, सुनील कुमार, सिकंदर कुमार, विक्की कुमार, नारायण मेहता, अभिषेक कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण हुए शामिल।

## मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण

**राष्ट्रीय खबर**



**बरही:** बरही राम जिनमें संपूर्ण सृष्टि समाहित है। अयोध्या में उनके भव्य मंदिर के लोकार्पण और बाल मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर बरही में चहुंओर उल्लास रहा। आस्था में डूबे हर कोई इस ऐतिहासिक पल को अविस्मरणीय बना लेना चाहा। वातावरण कुछ ऐसा बना है, जैसा अवधपुरी में प्रभु श्रीराम का प्राकट्य हुआ हो। आज भी ठीक उसी तरह का वातावरण बरही का है। बरही चौक सहित प्रखंड के सभी मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया। जहां अयोध्या मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी होते दिखे। मंदिरों में महा आरती, भंडारा और भजन कीर्तन में श्रद्धालु झूमते नजर आए। बरही चौक पर संध्या समय शानदार लाइटिंग की गई। वही श्री राम चौक के नाम से एक बैलून भी लगाया गया। बरही चौक पर आयोजित कार्यक्रम का संचालक संदीप सेठ ने किया। मौके पर संदीप सेठ ने कहा की आज का दिन ऐतिहासिक है, आज पूरा बरही भगवामय हो गया है। इधर हनुमान सेवा संस्थान बरही की ओर से मल्लाह टोली स्थित बड़ा शिवालय परिसर में अयोध्या में श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण बड़ा एलसीडी स्क्रीन पर विराट प्रदर्शन श्रद्धालुओं को देखने की व्यवस्था कराई गई। आस्था से ओत प्रोत प्राण प्रतिष्ठा का अलौकिक दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का अपार भीड़ जुटी। वहीं बीरेंद्र निषाद और उनकी धर्म पत्नी के द्वारा यज्ञ आहुति की गई। जिसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। वहीं छोटकी बरही में शानदार भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी कई कार्यक्रम में उपस्थित हुवे। वहीं एसडीओ पूनम कुजुर, बरही डीएसपी नाजिर अख्तर, सीओ रामनारायण खलखो, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह दल बल के साथ दिनभर बरही चौक पर तैनात रहें।

**सम्मान समारोह**

### भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा में

## अयोध्या गये राम सेवकों को सांसद ने किया सम्मानित

**राष्ट्रीय खबर**



**हजारीबाग :** हजारीबाग बाडम बाजार स्थित संकट मोचन सर्व देव मंदिर कमेटी द्वारा रविवार को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा बाडम बाजार मंदिर के निकट कार सेवकों को सम्मान प्रदान करने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या गए कार्य सेवकों को को सम्मानित किया गया। जयंत सिन्हा के द्वारा जिन कर सेवकों को सम्मानित किया गया वह निम्नवत है केपी ओझा, मुनेंद्र शर्मा, को सुमन कुमार॒पप्पू, नारद पांडे, शत्रुघ्न पांडे, विनोद विश्वकर्मा, प्रदीप उपाध्याय, रमेश पांडे, बिंदु वर्मा अनिल प्रसाद, धनेश्वर वर्मा, सुनील वर्मा, प्रदीप कुमार यादव, मनोज कुमार, प्रकाश प्रजापति, राजेंद्र पंडित एवं नवदीप प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित हुए।हजारीबाग से जो कर सेवक अब हमारे बीच नहीं रहे उन्हें भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को स्मरण किया गया। जयंत सिन्हा ने कर सेवकों को संबोधित करते हुए क्या कहा कि आप लोग अपना काम नहीं किए होते तो आज यह दिन हम लोगों को देखने को नहीं मिलता। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री भगवान राम का भव्य मंदिर आज जो वन सका इसका सारा श्रेय आप लोगों को ही जाता है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन कार सेवक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुमन कुमार पप्पू ने किया। आज के इस सफल आयोजन में संकट मोचन मंदिर सर्व देव मंदिर कमेटी के दीपक नाथ सहाय, रमेश चंद्र प्रसाद पिंटू, प्रियंवदा, सुबोध कुमार, छोटू चंद्रवंशी, सनी सौरभ, शशांक शेखर, यशस्वी सिंह, चीकू , पीकू, सीकू,मनोज कुमार पोलटू एवं अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा इस अवसर पर समिति के सदस्यों के द्वारा महा भोग का वितरण समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया। महाभोग का आनंद बाडम बाजार के निवासियों के साथ हजारों राम भक्तों ने ने महा भोग का प्रसाद ग्रहण किया।

## न्यूज फटाफट

### टॉवर पर भगवा ध्वज फहरा कर दिया आस्था का परिचय



**केरेडारी :** केरेडारी अयोध्या धाम में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभू श्री राम के मंदिर उद्घाटन का जश्न केरेडारी प्रखंड वासीयों ने राम भक्ति में लीन हो कर मनाएं इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित केरेडारी में गाजे बाजे के साथ भव्य तरीके से शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल समेत अन्य शामिल हुए, वहीं गरी कलां में ज्ञानेश्वर नाथ शिव मंदिर विश्वकर्मा मंदिर हनुमान मंदिर रानी सती मंदिर समेत अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन पूजा अर्चना के साथ हवन और महाभंडरा का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया गया। इसके साथ हीं महुआ चौक के महिला पुरुष रामभक्तों के द्वारा गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा दिन में निकाली गई। वहीं ज्ञानेश्वर नाथ शिव मंदिर में हवन के पश्चात विशाल शोभा यात्रा दोपहर को निकाली गई जिसमें महिला पुरुष शामिल हो कर रामधुन की जयकारा लगाते हुए पुरा गांव में शोभा यात्रा का भ्रमण कराए मंदिर उद्घाटन के अवसर पर गरी कलां गांव निवासी जितेंद्र विश्वकर्मा और अगिनी वीर बॉबी कुमार द्वारा डेढ़ सौ फीट ऊंची टॉवर पर भगवा ध्वज फहरा कर राम के प्रति अटूट आस्था का परिचय दिया। वहीं गरी कलां में मुखिया हित नारायन साव रामभक्त शंभू कुमार मुकेश गुप्ता श्रीराम गिरि पूर्व उपमुखिया रामप्रकास कुमार एक्सलेंट पब्लिक स्कूल के प्रमुख कुलदीप कुमार नैशनल पब्लिक स्कूल के प्रमुख बद्री नारायण सेवा निवृत फौजी विजय कुमार गिरि प्रदीप होटल कोमल होटल युगेश्वर महतो देवनाथ कुमार उप मुखिया कैलाश महतो सुनील पासवान का अहम योगदान रहा। वहीं गुर गुटिया गांव स्थित शिव हनुमान मंदिर में पूजा समिती अध्यक्ष अशोक बंटी राज अशोक राणा किशोर राणा के द्वारा महाप्रसाद के रुप में 50 किलो खीर का वितरण किया गया और संध्या में 1001 दीप प्रज्वलित किया गया! प्रखंड क्षेत्र के सलगा बेलतू पेटो कराली बुंडू पताल चट्टी बरियातू बरियातू समेत कंडाबेर अष्टभुजी मंदिर छतीसों माता मंदिर बेंगवरी भव्य शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना और हवन के साथ दीप प्रज्वलित किया गया! वहीं विभिन्न क्षेत्रों में आहूत कार्यक्रमों में प्रमुख सुनीता देवी जिप सदस्य अनिता सिंह गीता देवी उप प्रमुख अमेरिका महतो 20 सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम विधायक प्रतिनिधी सुरेश साव आजसू प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो जेएमएम के चंद्रिका रजक मुखिया संघ के अध्यक्ष महेश प्रसाद साव समाजसेवी लालबिहारी गांझु मुखिया प्रतिनिधी बजरंगी प्रजापति मुखिया दिनेश साव मुखिया जितनी देवी समेत अन्य प्रबुद्ध जन सक्रिय दिखे। संध्या में लोगों ने अपने अपने घरों और मंदिरों में सुंदर रंगोली बनाई और सैकड़ो दीप प्रज्वलित किया। भजन कीर्तन और शोभा यात्रा का कारवां देर रात तक चलता रहा।

### गौशाला में दीप उत्सव का हुआ आयोजन



**हजारीबाग** :हजारीबाग मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अयोध्या नगरी में भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कार्यक्रम के बीच हजारीबाग शहर के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में भव्य दीप उत्सव का आयोजन किया गया। 1008 दीप से गौशाला के प्रांगण को सजाया गया। जिसे पूर्व राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना कर आरती किया गया। वही गौशाला कर्मचारियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में गौशाला के समस्त कर्मचारियों के साथ आसपास क्षेत्र के लोग भी मौजूद रहे सभी ने दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाया। अंत में सभी के बीच लड्डू महा प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन सभी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा। 500 वर्षों के बाद यह दिन आया है। साथ ही कहा कि गौशाला के कर्मचारियों के साथ इस उत्सव को मना कर काफी अच्छा लगा। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, जय प्रकाश खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल विकाश तिवारी, डॉक्टर वी वेंकटेश, पन्ना लाल जैन, शोभा जैन, लता जैन, वर्षा जैन, वसंता लक्ष्मी, प्रिशा जैन एवं उदित तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### सड़क हादसा में युवती मौत पांच घायल



**इचाक :** इचाक थाना क्षेत्र के एनएच -33 इचाक मोड़ शिव मंदिर के समीप हुई भीषण सड़क हादसा में स्कूटी सवार एक युवती की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका भाई राकेश लकड़ा 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरे स्कूटी ऑनर कनौदी करियातपुर सदर का बताया जा रहा है। उस स्कूटी पर सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गयाहै। जिसके नाम का पता नही चल सका है। घायल युवक को अस्पताल भेजा गया है। मारुति ओमनी में बैठी एक बुजुर्ग महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे स्कूटी सवार युवक और युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना सोमवार पौने पांच बजे घटी। घटना घटते ही जुलूस में शामिल लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए सभी तीन घायलों को एंबुलेंस से शेख भिखारी मेडिकल कालेज एंड अस्पताल भेज दिया। साथ ही घायलों और मृतिका के पर्स में मिले आईडी और फोन नंबर पर परिजनों को सूचना दे दिया। बताया जा रहा है की ओमनी घाटों का था। जो इटखोरी मंदिर से शादी समारोह से घाटों लौट रहा था। मृतिका युवती की पहचान खुशबू लकड़ा 21वर्ष,पिता सहदेव लकड़ा, लोटवा गांवके रूप में हुई है। जबकि अन्य चार घायलों में बरियठ निवासी कृष्ण कुमार एवम राजेश राणा की गंभीर हालत देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया है। घटना में एक साइकिल सवार बाल बाल बच गया। वह सड़क किनारे साइकिल खड़ा कर सब्जी लेने गया था। जिस कारण वह बाल बाल बच गया। मृतक खुशबू के चाचा सरोज लकड़ा ने बताया दोनों भाई-बहन हजारीबाग स्थित मकान जाने के लिए गांव से निकले थे किसी भी की इचाक मोड़ के पास यह नियंत्रित कंटेनर चालक ने तेज रफ्तार से वाहन को चलते हुए स्कूटी में टक्कर मार दिया जिसमें मेरी भतीजी खुशबू लकड़ा की दर्दनाक मौत घटना स्थान पर ही हो गई खुशबू के मौत की खबर आते ही लोटा गांव में राम जन्मोत्सव की खुशी काम में तब्दील हो गया परिजन और ग्रामीणों के रोने से पूरे गांव शोक में डूब गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि दूसरे स्कूटी पर सवार एक युवती केन्टीन्नर के आगे स्थित बेनी में फंस गई जिसे घसीटते हुए कंटेनर चालक आधा किलोमीटर तक ले गया लेकिन वह बच गई वह जिंदगी और मौत से अस्पताल में लड़ रही है।

## शहर >> अपडेट

### वृद्धा आश्रम से मिली गायब विवाहिता

**झुमरीतिलैया :** तिलैया थाना में गुरुवार को नंदकिशोर प्रसाद तमोली पिता स्व. जयराम तमोली, ग्राम पोस्ट अस्थमा, जिला नालंदा, बिहार निवासी द्वारा अपनी पुत्री रेणु कुमारी (पति संतोष कुमार पिता स्व.जनार्दन प्रसाद तमोली, अड्डी बंगला निवासी) के गायब होने का मामला दर्ज कराया था। उक्त युवती अड्डी बंगला के एक वृद्धाआश्रम से मिली। महिला का भाई चंदन कुमार उसे लेकर थाना पहुंचा। थाना में रेणु कुमारी ने बताया कि उसके पति ने उसके साथ मारपीट की थी जिसके कारण वह घर से अपने बेटे को लेकर बाहर निकल गई थी। रास्ते में उसे रोते हुए देखकर एक महिला उसे अड्डीबंगला स्थित वृद्धा आश्रम ले गई, जहां वो 8 दिन से रह रही थी।पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करके रेणु कुमारी को उसके भाई के साथ भेज दिया। उसके भाई ने बताया कि वह अपनी बहन को अपने साथ लेकर चेन्नई जा रहा है। बाद में वह उसे उसके ससुराल पहुंचा देगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भव्य भंडारे का आयोजन

**कोडरमा :** नगर पंचायत के नगरखारा देवी मंडप के समीप सोमवार को अयोध्या में रामलला मंदिर प्राणप्रतिष्ठा को लेकर समाजसेवी मनोज कुमार झुन्नू के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान नगरखारा स्थित शिव मंदिर, देवी मंडप और हनुमान मंदिर को झालर और आकर्षक लाइट से सजाया गया। वहीं सभी मंदिरों का रंग रोगन भी किया गया। इसके पूर्व चौबीस घंटों का रामायण पाठ भी किया गया। उन्होंने नगर पंचायत के लोगों को श्री राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राजो साव, उमेश राम, दिलीप कुमार, अनिल सिंह, संजय साव, सीताराम भगत, बिनोद कुमार मुन्ना, मनीष साव, सन्नी साव, महेंद्र साव, मंजीत सिंह, सोनू विश्वकर्मा, मनीष कुमार, किशन कुमार, दीपेश कुमार, प्रकाश सिंह, राजेश विश्वकर्मा, बिनोद साव, दिलीप राम, संजय पासवान, नयन कुमार, मिथलेश कुमार, कारू राणा, अमित कुमार, संतोष कुमार, सुमित कुमार, घीरज कुमार राम, भोला निषाद, मुकेश राम, गौतम चंद्रवंशी मौजूद थे।

### दुर्घटना में एक यूवक घायल

महेशपुर (पाकुड़): महेशपुर-पाकुड़िया मुख्य सड़क के सिलमपुर गांव के पास रविवार देर शाम बाइक अनियंत्रित हो जाने से बाइक चालक कसियाडंगाल गांव निवासी किशुन हांसदा 18 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही उसके स्वजन जख्मी को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर ले आए। जहां प्रभारी डॉ. सुनील कुमार किस्कू ने स्वास्थ्य कर्मी अजय कुमार के साथ मिलकर जख्मी का प्राथमिक उपचार किया। जख्मी युवक के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो जाने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जख्मी स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार किशुन हांसदा बाइक में महेशपुर से अपने घर वापस जा रहा था। इसी दौरान सामने अचानक एक साइकिल सवार के आ जाने से उसे बचाने के क्रम में वह सड़क पर गिरकर जख्मी हो गया।

### गांव में भी निकली शोभा यात्रा

महेशपुर (पाकुड़): राम मंदिर उद्घाटन एवं रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को प्रखंड के सभी गांव में शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरे प्रखंड क्षेत्र राम नाम से गूंज उठा। क्षेत्र के सभी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं मंदिरों में बज रहे राम धुन भक्तों में नई जोश एवं ऊर्जा संचालन कर रहा था। महेशपुर बूढ़ा बाबा महेश्वर नाथ शिव मंदिर, ग्वालपाड़ा स्थित नागेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर में भी खिचड़ी का आयोजन किया गया था। वहीं महेशपुर पुलिस चौकस।

---

**आस्था** — जय श्रीराम के नारे से गूंजायमान हुआ सूबे का कूचा-कूचा

# रामलला की निकली भव्य शोभायात्रा

- मंदिरों में श्रद्धालुयों की उमड़ी भीड
- भगवान राम,सीता,लक्ष्मण और हनुमान की निकली झांकी
- प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्साह चरम पर

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिला मुख्यालय कोडरमा समेत जिले के विभिन्न इलाकों में सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं मंदिरों में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए उमड़ पड़े. जिला मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर से जुलूस की शक्ल में श्रद्धालु ध्वजाधारी पहाडी स्थित मंदिर परिसर पहुंचे। इस दौरान शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी भी निकाली गयी। शोभा यात्रा में शामिल लोगों ने हनुमान मंदिर और राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना भी की। शोभायात्रा जिन जिन मार्गों से गुजरी, वहां का वातावरण श्री राम के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान अयोध्या में श्री राम मंदिर बनने और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्साह चरम पर दिखा। वहीं झुमरीतिलैया, मरकच्चो, जयनगर, सतगावां, चंदवारा, डोमचांच समेत अन्य जगहों में भी शोभायात्रा निकाली गयी। झुमरीतिलैया में महाराणा प्रताप चौक स्थित हनुमान मंदिर से स्टेशन रोड तक शोभा यात्रा निकाली गयी। कोडरमा में शोभायात्रा में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक नीरा यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के साथ ही विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष संजीव समीर, मंत्री आरके बसंत, उपाध्यक्ष रवि शंकर, आदित्य पांडेय, रीतेश सिंह, अजीत वर्णवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष नरेंद्र पाल, मनोज कुमार झुन्नू, राजकुमार यादव, राजेश कुमार सिंह राजू, मन्दिर समिति अध्यक्ष राजेश सिंह, राजेन्द्र सिंह, बिनय सिंह, प्रमोद विश्वकर्मा मंटू, कामाख्या नारायण सिंह, गौतम राणा, दीपनारायण सिंह, सन्तोष साव, विकास कुमार, शंभू कुमार, अक्षय रंजन, संतोष कुमार, डॉ विशाल, पवन पांडेय, अजय झा, विक्की विश्वकर्मा समेत काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। कोर्ट परिसर में अधिवक्ता संघ की ओर से पूजा अर्चना की गयी। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, सचिव मनीष सिंह, धीरज जोशी, शिवनंदन शर्मा, अरुण कुमार सिंह, चन्दन पांडेय समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई पूजा अर्चना



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दुर्गा मंदिर प्रांगण में आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज, विष्णु पांडेय, दिवाकर पांडेय के संयुक्त रुप से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। यजमान के रूप में पूजा प्रबंध समिति के अध्यक्ष राज नारायण सिंह, उपाध्यक्ष शशिकांत प्रसाद, महासचिव सतीश पांडेय, विहिप प्रखंड मंत्री सदानंद सिंह, विहिप पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सरोज सोनी, अशोक गुप्ता, अनिल पांडेय, अमरदीप शर्मा, सुरज सोनी सहित कई लोग शामिल थे। मौके पर पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, विहिप जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद मोदी, सह मंत्री राजकुमार दास, प्रकाश बर्मा, सतीश चंद्र मालाकार, टेकनारायण राम, मनोज बर्मा, पप्पु सोनी, बिमलेश मोदी, पप्पु सिंह, मनोज सोनी, रामेश्वर साव, कारु सिंह, पवन गुप्ता, केदार सिंह, जागेश्वर स्वर्णकार सहित कई महिला-पुरुष मौजूद थे।

## मरकच्चो गोलीकांड की 22वीं बरसी पर दी गयी श्रद्धांजलि



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो:** गोलीकांड की 22वीं बरसी के मौके पर मरकच्चो शहीद मैदान में शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर माले कार्यकताओं ने शहीदों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर बगोदर विधायक बिनोद सिंह, राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जयन्ती चौधरी, ईश्वरी राणा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसके पूर्व कामरेड शहीद अशोक यादव का भाई सिताराम यादव व उनकी मां समेत उपस्थित भाकपा माले के नेताओं ने झंडोत्तोलन किया। तत्पश्चात उक्त जगह पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। बगोदर विधायक बिनोद सिंह ने भाजपा को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि प्रधान मंत्री के कथनी व करनी में आसमान जमीन का फर्क है। भाजपा सरकार गरीबो को प्रधानमंत्री आवास देने में विफल साबित हुई। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि मरकच्चो गोली कांड बाबूलाल मरांडी के इशारे पर की गयी थी। जिसमे भाकपा माले के तीन साथी शहीद हो गए। आज भी कोडरमा की जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। भाजपा ने हर विभाग में सांसद प्रतिनिधि व विधायक प्रतिनिधि बनाया। वे प्रतिनिधि लूट रोकने के बजाय खुद लूटने में लगे हैं। कोडरमा के दोनो मैडम पूरी मलाई को मह कर माखन खा जाएंगी। बचा हुवा छाछ में भी पानी मिला कर जनता को देने का काम कर रही है। कार्यक्रम को कोडरमा जिला प्रभारी सिताराम सिंह, सबिता सिंह, जिला सचिव राजेंद्र मेहता, इब्राहिम अंसारी, विनोद पाण्डेय, विजय पासवान, बहादुर यादव, बसन्त साव, अशोक यादव, पार्वती देवी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव राजेन्द्र मेहता ने की जबकि संचालन बहादुर यादव ने किया। मौके पर मो.सेराज, गुलाम मूस्तूफा, शिवशंकर यादव, सहदेव यादव, श्वेता सिंह, मंसूर आलम, नारायण मोदी, श्रीकांत पांडे, शंभू शरण मिस्त्री, अफसाना खातून, बसंत साव, संदीप सिंह, अख्तर अंसारी आदि मौजूद थे।

## कई इलाकों में निकाली गयी भव्य शोभायात्रा



राष्ट्रीय खबर

**सतगावां:** प्रखंड के मरचोई में अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को मरचोई में भव्य कलश शोभयात्रा निकाली गयी। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु ढोल, डीजे, बाजे, भांगड़ा के साथ जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। भव्य शोभा यात्रा में मरचोई के सभी नौजवान, गणमान्य व्यक्ति के अलावे बुजुर्ग और बच्चे सभी भगवा में रंग गए। इस कार्यक्रम में माता सीता, राम, लक्ष्मण एवं हनुमान जी मुख्य आकर्षण का केंद्र बने रहे। वहीं एहतियात के तौर पर किसी भी घटना से निपटने के लिये सतगावां प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार, इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह, अवर निरीक्षक आनंद कुमार साह व अन्य अपने दल बल के साथ चौकस रहे। साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूरी स्वास्थ्य टीम के साथ पूरी यात्रा में उपलब्ध रहे। वहीं बासोडीह बाजार स्थित गणेश मंदिर के समीप समाजसेवी भोला प्रसाद वर्णवाल के द्वारा श्रद्धालुओं के लिये प्रसाद का व्यवस्था किया गया था। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे क्षेत्र में खासा उत्साह देखा गया। शोभायात्रा को सफल बनाने को लेकर समिति से लेकर अन्य ग्रामीण जोर शोर से लगे रहे। रात्रि में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में दीपोत्सव उत्सव मनाई गई। इस कार्यक्रम में मौके पर डीएसओ सह मजिस्ट्रेट के रूप में अविनव पूर्णेन्दु, मुखिया उत्तम, मनोज सिंह, बालमुकुंद पांडेय, सुधीर सिंह, पवन कुमार सिंह, , प्रशांत कुमार समेत हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## भंडारे में शामिल हुए विधायक



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के रूपायडीह, मधवाटांड राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 21 जनवरी से श्री रामचरितमानस पाठ किया गया। जिसका विधिवत पूजा अर्चना कर हवन के पश्चात महाप्रसाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया गणपत यादव, उप मुखिया चंदन कुमार, पंसस धानेश्वर राणा, समाजसेवी वीरेंद्र यादव, शिक्षाविद लक्ष्मण चंद्र यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भोला यादव, गंगाधर यादव, किशोर आनंद, अरविंद यादव सहित सैकड़ो महिला-पुरुष भंडारा में शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विहत पंचायत अध्यक्ष संजय कौशल, बजरंग दल संयोजक मुन्ना प्रसाद यादव, उपेंद्र यादव, रविंद्र यादव, मुकेश यादव, महेश यादव, राजेश राणा, श्याम सुंदर राणा, सुरेश यादव, गौतम यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

---

**आस्था** — भगवान राम टेंट से उठकर भव्य मंदिर में विराजमान

# रामलला के अपने धाम में स्थापित होना ऐतिहासिक : विनय

500साल के बाद राम लला अपने धाम में

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** प्राण प्रतिष्ठा का अवसर पर धर्म जागरण व समाजसेवी विश्वनाथ प्रसाद भगत ने कहा कि श्रीरामचन्द्र समस्त संसार को शरण देनेवाले हैं। उनके बगैर कौन सी गति है। श्रीरामचंद्र कलियुग के समस्त दोषों को नष्ट कर देते हैं, अतः श्रीरामचंद्र जी को नमस्कार करना चाहिए, श्रीरामचंद्र जी से कालरूपी भयंकर सर्प भी डरता है, जगत का सबकुछ भगवान श्रीरामचंद्र जी के वश में है, श्रीरामचंद्र जी में मेरी अखंड भक्ति बनी रहे। जाने माने एडवोकेट विनय कुमार भगत ने कहा कि आज भगवान राम का अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा अपने आप में अंगूठा है आज 500 साल के बाद भगवान राम अपने निज धाम मंदिर में विराजमान हो गए हैं यह पल हिंदू समाज के लिए गौरव का पल है। जिन कार सेवकों अपना बलिदान दिया उन्हें बारंबार नमस्कार है। उच्च न्यायालय को नमस्कार है जिन्होंने सही न्याय दिया। वही कुंदन कुमार शुक्ला फोटोग्राफर ने बताया कि अयोध्या के भव्य राम मंदिर में भगवान राम टेंट से उठकर भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं यह पल सनातन धर्म मानने वाले हिंदू धर्म के लोगों के लिए वह क्षण है जब वह पूरी तरह से अपने आप को गौरवित महसूस करते हो। उन्होंने कहा कि हम इसे राजनीतिक दृष्टि से नहीं देखते बस भगवान राम अपने निज धाम मैं स्थापित हो गए यही सनातनियों के लिए सबसे बड़ी बात है। आज सपना साकार हो गया है।

---

## न्यूज फटाफट

### आई एम रेडी टू वोट कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा :** सोमवार को निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के अवसर पर आई एम रेडी टू वोट कार्यक्रम का आयोजन परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में हुआ। इस कार्यक्रम में उपायुक्त मेघा भारद्वाज शामिल हुई। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने नये व युवा मतदाताओं के साथ सेल्फी ली। उन्होंने नये, युवा मतदाताओं को फूल दिया। उपायुक्त ने सभी युवा मतदाताओं को मतदान के अधिकारी व महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आप हमेशा मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुमंत तिर्की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक व अन्य मौजूद रहे।

### अधिवक्ता संघ परिसर भी हुआ राममय



**कोडरमा :**अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अधिवक्ता संघ परिसर में सभी पदाधिकारी एवं विद्वान अधिवक्ताओं के द्वारा सोमवार को न्यायालय बंद नहीं होने के बावजूद भगवान श्री राम का बड़े ही धूमधाम से पूजन कार्यक्रम किया गया । इस अवसर पर भगवान राम का भवय दरबार सजाया गया । साथ ही पूरे अधिवक्ता परिसर को ध्वज एवं पताकाओं से पाठ दिया गया। पूजन के उपरांत भव्य आरती एवं हवन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें काफी संख्या में अ द्विवक्ताओं ने भाग लिया। पूजन हवन के उपरांत प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें अधिवक्ताओं के साथ-साथ न्यायालय के सभी न्यायाधीशों एवं पेशकारो ने भी प्रसाद ग्रहण किया। पूजा के दौरान मत्रों एवं भगवान श्री राम के जयकारे से पूरा परिसर गुजायमान होता रहा। इस दौरान बहुत सारे अधिवक्ता धोती कुर्ता जैसे परमपारीक ड्रेस में आए थे। बताते चले की पूजन कार्यक्रम को लेकर संघ के प्राधिकारियों ने दो दिन पूर्व बैठक कर निर्णय लेते हुए, इसकी सूचना प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को देते हुए बताया था कि सभी अधिवक्ता न्यायालय कार्य से अलग रहेंगे। सोमवार को अधिवक्ता संघ परिसर में पूजन हवन का कार्यक्रम किया जाएगा।कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, सचिव मनीष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष धीरज जोशी, प्रशासनिक अरुण कुमार मिश्रा, आत्मानंद पांडे, तारकेश्वर प्रसाद , मोतीलाल शर्मा, अरुण कुमार सिंह, जय गोपाल शर्मा, अरुण कुमार ओझा ,रंजीत दुबे, वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यनारायण प्रसाद, प्रकाश मोदी , देवलाल सिंह, सुधीर कुमार सिंह , मिथिलेश कुमार, तरुण लाल, रीना कुमारी ,रितम कुमारी, श्वेता सिंह, सुमन जायसवाल, शाहिद सभी अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगाया गया कई वृक्ष



**पाकुड़ :** 22 जनवरी दिन राम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ सभी मंदिर में पूजा अर्चना आरती भजन कीर्तन समेत ,प्रसाद का भोग के साथ दिए जला के दीपावली मनाया जा रहा है इस शुभ समय के अवसर पर खुशी में शिव मंदिर धनुषपूजा में जन कल्याण को देखते हुए 22 प्रकार के पौधे मंदिर के पुजारी समाजसेवक समेत समाज के प्रतिष्ठ लोगो के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पेड़ पौधे के लगने से शिव मंदिर प्रांगण काफी शोभनीय और आकर्षण के साथ लोगो को पूजा करने गर्मी से धूप में राहत पाने समेत पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए आने वाले समय में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पेड़ पौधे होने से पक्षी को खाने के लिए फल भी मिल सकेगा इसे ध्यान में रखते हुए बेल, आम , जामुन, बेर, कठहल समेत छायादार पेड़ बरगद, नीम, पीपल, समेत कई प्रकार के पेड़ लगाया गया। इसे देखभाल की जिम्मेवारी सबंधित क्षेत्र के सेवक को दी गई। इस मौके पर सभी सामाजिक कार्यकर्ता , समेत इस कल्याण कार्य करने के इच्छुक लोग भारी संख्या में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और सहयोग किया साथ ही संबंधित क्षेत्र के लोगों का भरपूर सहयोग रहा।साथ ही शाम में मंदिर में दिया जलाया गया।

### मंदिरों में आयोजित हुई विशेष पूजा

**पाकुड़ :**अयोध्याधाम में भव्य राम मंदिर में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले भर के सभी मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। शिव शीतला मंदिर में यज्ञ हवन किया गया वहीं भगत पाड़ा मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सनातनी हिंदू में गजब का उत्साह उमंग देखा गया। सभी मंदिरों में विशेष पूजा पाठ का आयोजन किया गया है । पाकुड़ नगर की बात करें भगत पाड़ा शिव मंदिर, हाट पाड़ा संकट मोचन मंदिर, बजरंगबली मंदिर, पुराना सर्किट हाउस बिरसा चौक , बजरंगबली मंदिर, काली भजन शिव मंदिर, श्री कृष्ण मंदिर, जटाधारी मंदिर, शिव शीतला मंदिर, कालीबाड़ी मंदिर, ठाकुरबाड़ी मंदिर, महाकाल मंदिर तलवाडंगा, दूधनाथ मंदिर,संकट मोचन मंदिर, बिजली कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, भगत पाड़ा स्थित पुराना शिव मंदिर, को भव्य दिव्य रूप से सजाया गया है ।, विद्युत के आकर्षण लाइट लगाए गए हैं। भगत पाड़ा शिव मंदिर में तथा शिव शीतला मंदिर शिव मंदिर में भगवान राम लक्ष्मण मां सीता एवं बजरंगबली के प्रतिमा का विशेष पूजन किया गया। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर के पूजार्चना की वही बच्चे भी पीछे नहीं रहे। सभी मंदिरों में घंटा शंख ध्वनि की मधुर स्वर से गुंजयमान है, मानो भगवान राम की अयोध्या धाम पाकुड़ में ही उतार दिया हो। अधिकांश मंदिर में पूजा पाठ के प्रसाद अंत में भोज भंडारा का आयोजन किया गया है। चारों और उत्साह उमंग का माहौल है। संध्या में दीप प्रज्वलित करते हुए दीपोत्सव मनाया गया। पूरे नगर भगवा झंडा से ओत प्रोत है। यही हाल जिले भर की सभी प्रखंडों के सभी मंदिरों पर हैं। मंदिरों पर विद्युत सज्जा की गई है। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का असर पाकुड़ में दर्जनों टोटो चालक ने अपना टोटो में निशुल्क सेवा का पोस्टर लगाकर लोगों को फ्री सेवा दे रहे थे। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे नगर में भागवत ध्वज सेसजाया गया है। भागवत ध्वज से तवरन द्वार बनाए गए हैं।

## न्यूज फटाफट

### नेहवाल, मिताली ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शमिल होने पर खुशी जताई



**अयोध्या :** श्री राम की नगरी अयोध्या पहुंची देश की दिग्गज बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर बेहद खुश नजर आई। समारोह के दौरान साइना नेहवाल काले रंग की जैकेट और गले में राम नाम का पीला गमछा डाले हुए थी। वहीं मिताली राज भी हरे रंग के कुर्ता पहने हुए थी। नेहवाल ने कहा कि इतना भव्य मंदिर आज खुला है। ये हमारा सौभाग्य है कि हमें श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है। बस मूर्ति देखने की देरी है। क्रिकेटर अनिल कुंबले सपत्नीक समारोह में शामिल होने अयोध्या पहुंचे है। इस अवसर पर उन्होंने कहा, ''इस दिव्य अवसर का हिस्सा बनकर आनंद और धन्य हूं।'' उल्लेखनीय है कि क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, कपिल देव, सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, हरभजन सिंह और रविचंद्रन अश्विन को, अन्य खेलों से शतरंज के ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद, महान एथलीट पीटी उषा और फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया, धनुर्धर दीपिका कुमारी, पूर्व बैडमिंटन स्टार गोपीचंद आदि प्रमुख खेल हस्तियों को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया गया।

### सात महीने तक ऐहेन मुनोज मैदान पर नहीं उतर सकेंगे



**मैड्रिड :** पिछले मैच के दौरान घुटने में लगी चोट के कारण ऐहेन मुनोज करीब सात महीने तक मैदान पर नहीं उतर सकेंगे और रियल सोसिएदाद क्लब को ला लीगा के शेष सत्र में उनके बिना मैदान पर उतरना होगा। क्लब ने बताया कि रविवार को हुई जांच के बाद पता चला है कि ऐहेन कम से कम अगस्त तक मैदान से बाहर रहेंगे। क्लब ने बयान में कहा, ''एहेन मुनोज़ की जांच के बाद पता चला है कि उनके बाएं घुटने में आगे का क्रूसिएट लिगामेंट फट गया है। आगामी कुछ दिनों में उनकी सर्जरी होगी।'' अब किरन टियरनी रियल सोसिएदाद टीम में एकमात्र उपलब्ध लेफ्ट-बैक रह गए हैं, जो कोपा डेल रे और यूईएफए चैंपियंस लीग के साथ-साथ ला लीगा में भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि शनिवार रात को सेल्टा विगो के खिलाफ 1-0 की जीत में एहेन मुनोज का क्रूसिएट लिगामेंट फट गया था, जिसके कारण उन्हें मैच के 39वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था।

**समारोह**

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचे खेल जगत के सितारे

# सचिन-साइना समेत कई हस्तियों ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक बताया

**एजेंसियां**

**अयोध्या :** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर, महिला क्रिकेटर मिताली राज, बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, मिताली राज, अनिल कुंबले, पीटी उषा, वेंकटेश प्रसाद समेत कई खेल जगत की हस्तियां ने सोमवार को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक बताते हुए इसमें शामिल होने पर खुशी जाहिर की है। आज श्री रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पर्व पर यहां पहुंचे खेल जगत के दिग्गज खिलाड़ी पारंपरिक परिधान में भी नजर आए और इस दौरान उनके साथ सेल्फी के लिए प्रशंसक उन्हें घेरे देखे गये। समारोह के दौरान साइना नेहवाल काले रंग पर छींटे वाली जैकेट और गले में राम नाम



का पीला गमछा डाले हुए थी। वहीं मिताली राज भी हरे रंग के कुर्ता पहने हुए थी। महिला क्रिकेटर मिताली राज ने इस दौरान कहा कि आज मुझे महसूस हो रहा है कि जब कोई किसी धार्मिक स्थान पर होता है तो उसे (मिताली को) क्या महसूस होता है। हम सभी बहुत लंबे समय से यही चाहते थे और मुझे लगता है कि इस बड़े अवसर पर यहां आना एक आन है। यह एक उत्सव है। हम सभी यहां आकर और उत्सव का हिस्सा बनकर खुश हैं। साइना नेहवाल ने कहा कि वह इस समारोह में शामिल होकर खुद को भाग्यशाली मान रही हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय का इंतजार खत्म हुआ। हम सभी मंदिर के द्वार खुलने का इंतजार कर रहे हैं। यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। वहीं, देश की उड़नपरी के नाम से विख्यात पीटी उषा ने कहा, ''हमारे पूज्य भगवान राम की जन्मभूमि, पवित्र धरती पर आकर अपने आप को बहुत धन्य महसूस कर रही हूं। भगवान श्री राम के सिद्धांत और नैतिकता हमें सही रास्ते पर ले जाते हैं और मैं प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होकर सम्मानित महसूस कर रही हूं।'' क्रिकेटर अनिल कुंबले ने कहा, ''यह एक अद्भुत और बहुत ही दिव्य अवसर है। इसका हिस्सा बनकर धन्य हूं। यह ऐतिहासिक है। राम लला से आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं।'' भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, कपिल देव, कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, हरभजन सिंह और रविचंद्रन अश्विन सहित अन्य खेलों से शतरंज के ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद, महान एथलीट पीटी उषा और फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया, धनुर्धर दीपिका कुमारी, पूर्व बैडमिंटन स्टार गोपीचंद आदि प्रमुख खेल हस्तियों को आमंत्रित किया गया।

## ऑस्ट्रेलिया ने फ्रेजर-मैकगर्क और बार्टलेट को किया टीम में शामिल


**एजेंसियां**

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया ने युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क और नये तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए एकदिवसीय टीम में शामिल किया है। वहीं ग्लेन मैक्सवेल को आराम दिया गया है तथा झे रिचर्डसन चोट के कारण बाहर हो गए हैं। फ्रेजर-मैकगर्क ने विक्टोरिया से दक्षिण ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद घरेलू सत्र की शुरुआत में मार्श कप में 29 गेंदों में विश्व-रिकॉर्ड शतक लगाया था। उन्होंने मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए बीबीएल में 32.12 की औसत और 158.64 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाने से पहले अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहला प्रथम श्रेणी शतक भी बनाया। कुछ



दिन पहले उन्होंने आईएलटी-20 में दुबई कैपिटल्स के लिए पदार्पण के दौरान 25 गेंदों पर 54 रनों की पारी खेली थी। वहीं बार्टलेट ने इस सत्र के बीबीएल में ब्रिस्बेन हीट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्हें हाल ही में चोट के कारण टीम से बाहर हुये रिचर्डसन की जगह टीम में शामिल किया गया है। बार्टलेट अपनी तेज आउटस्विंग से सबका आकर्षित किया है। उन्होंने हीट की ओर से खेलते हुए पावरप्ले में महत्वपूर्ण विकेट और डेथ ओवरों में भी अहम भूमिका निभाई है। ऑस्ट्रेलिया के सभी प्रारूपों के तेज गेंदबाजोंः पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को तीन एकदिवसीय मैचों के लिए आराम दिया गया है। स्टीवन स्मिथ टीम की कप्तानी करेंगे और मिशेल मार्श को भी आराम दिया गया है।

## बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी क्वार्टरफाइनल में



**एजेंसियां**

**मेलबर्न :** भारतीय टेनिस स्टॉर रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन की जोड़ी सोमवार को वेस्ले कूलहोफ और निकोला मेक्टिक की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये है। आज यहां बोपन्ना और एबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 14वीं वरीयता प्रापत वेस्ले कूलहोफ और निकोला मेक्टिक की डच-क्रोएशियाई जोड़ी को 7-6 (10-8), 7-6 (7-4) से हराकर अंतिम आठ चरण में प्रवेश किया। इस जीत के साथ ही बोपन्ना ने पुरुष युगल विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है और क्वार्टरफाइनल में जीत के साथ वह शीर्ष रैंकिंग में पहुंच जायेंगे। क्वार्टरफाइनल में बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी अब छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना की जोड़ी मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से मुकाबला करेगी।

## खेल जगत अपडेट्स

### निजी कारणों से दो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे कोहली

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई ने आज यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, ''विराट ने इस बारे में कप्तान रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से बात की है और यह भी कहा है कि भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना उनकी पहली प्राथमिकता है, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से वह पहले दो टेस्ट मैचों का हिस्सा नहीं बन पाएंगे।'' कोहली ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ड्रॉ हुई टेस्ट श्रृंखला में खेला था। उन्होंने अफगानिस्तान के साथ टी-20 श्रृंखला में लंबे समय बाद वापसी की थी। बीसीसीआई ने अभी तक कोहली की जगह किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा नहीं की है, लेकिन दौड़ में सबसे आगे चेतेश्वर पुजारा, रजत पाटीदार, अभिमन्यु ईश्वरन और सरफराज खान शामिल हैं। पुजारा ने आखिरी बार भारत के लिए पिछले वर्ष विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेला था। इस साल की रणजी ट्रॉफी की शुरुआत झारखंड के खिलाफ नाबाद दोहरे शतक और अपने अगले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए एक अर्धशतक लगाया। वहीं पाटीदार और सरफराज दोनों ने इंग्लैंड लायंस के दौरे के खिलाफ भारत ए के लिए खेला और प्रभावित किया। पाटीदार ने उनके खिलाफ दोनों टूर गेम और पहले अनौपचारिक टेस्ट में शतक लगाया, जबकि सरफराज ने दोनों मैचों में अर्धशतक बनाए। अभिमन्यु ने दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट के लिए भारत के रिजर्व ओपनर के रूप में घायल रुतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर भावुक हुये सितारे



**एजेंसियां**

**अयोध्या :** बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा की कई सितारे अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर भावुक नजर आये। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कई बड़ी फिल्मी हस्तियां भी हिस्सा लेने के लिए आयोध्या पहुंचीं। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनकर फिल्मी सितारे बेहद खुश हैं। संगीतकार अनु मलिक ने बताया कि वह राम मंदिर के सामने खुद को देखकर भावुक हो गये और आंखों से आसू बहने लगे। यह आपके साथ हो जाता है, आप इसे प्लान नहीं कर सकते हैं। सुभाष घई ने कहा कि मैं आज बहुत खुश हूं। बचपन से स्वप्न देखते थे । अयोध्या के बारे में देखते थे, सुनते थे। आज स्वयं अयोध्या में हैं और वो भी इस ऐतिहासिक दिन। जैकी श्रॉफ ने कहा कि भगवान ने हमें यहां तक बुला लिया, बहुत बड़ी बात है। महाभारत में कृष्ण की भूमिका निभाने वाले नितिश भारद्वाज ने कहा कि मंदिर के माध्यम से एक बार फिर पुराना गौरव दिख रहा है। अनुपम खेर ने कहा कि आज हर्षोउल्लास का दिन है, जो भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा।

दक्षिण भारतीय सुपरस्टार चिरंजीवी बेटे राम चरन के साथ राम जन्मभूमि पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाग्यशाली हैं, जो भगवान ने यह अवसर दिया। सोनू निगम प्राण प्रतिष्ठा के बाद भावुक हो गये। उन्होंने कहा कि अभी कुछ बोलने को है नहीं। मालिनी अवस्थी ने कहा कि आज अभिभूत करने वाला दिन है। अब समय नहीं कट रहा कि भगवान राम प्रकट हों।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या पहुंचे अमिताभ



**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने पहुंचे, जहां उनका ढोल-नगाड़ों से जोरदार स्वागत किया गया। अयोध्या में आज रामलला का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने जा रहा है। पूरा देश राम भक्ति में डूबा हुआ है और हर और राम नाम की गूंज हो रही है। पूरे देश में इस समय उत्सव का माहौल है। इस शुभ अवसर पर बॉलीवुड की कई हस्तियां भी अयोध्या पहुंच चुकी हैं। इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने के लिए अमिताभ बच्चन अपने बेटे अभिषेक के साथ अयोध्या नगरी पहुंच गए हैं।राम के नाम का भगवा चुनरी ओढ़कर अमिताभ और अभिषेक अयोध्या पहुंचे।अयोध्या में अमिताभ का स्वागत ढोल-नगाड़ों के साथ किया गया।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में कंगना ने लगाये 'श्रीराम' का जयकारा'



**एजेंसियां**

**अयोध्या :** बॉलीपुड अभिनेत्री कंगना रनौत अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पूरी होने पर बेहद खुश है। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश के साथ ही बॉलीवुड सितारे भी जश्न मना रहे है। बॉलीवुड सितारों ने 500 साल के संघर्ष के बाद राममंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा पर अपनी खुशी जाहिर की है। इस मौके पर कंगना रनौत ने अयोध्या से अपना एक वीडियो भी शेयर किया है। इस वीडियो में कंगना रनौत मंदिर परिसर में नजर आ रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता हैं कि जैसे ही भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होती है, आकाश से हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाती है और शंखों की ध्वनि से पूरा माहौल ही बदल जाता है। यह सब देख कंगना खुशी से झूम उठती हैं और जोर-जोर से जय श्रीराम के जयकारे लगाने लगती हैं। इस वीडियो को कंगना के सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है।वीडियो शेयर करते हुए कंगना ने लिखा,'राम आ गए।कंगना रनौत रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले ही अयोध्या पहुंच गई थीं और वहां उन्होंने सभी धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था।

## प्राण प्रतिष्ठा में शंकर महादेवन ने गाया श्रीराम भजन



**एजेंसियां**

**अयोध्या :** बॉलीवुड के जानमाने गायक-संगीतकार शंकर महादेवन ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में श्रीराम का भजन गाकर लोगों का दिल जीत लिया। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह चल रहा है। इस मौके पर अयोध्या में देश दुनिया की कई बड़ी हस्तियां शामिल हुई हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कई फिल्मी सितारों ने भी हिस्सा लिया है। शंकर महादेवन ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 'श्री रामचन्द्र कृपालु भजमन हरण भवभय' भजन गाया है। शंकर महादेवन का यह भजन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फैंस शंकर महादेवन के इस भजन को खूब पसंद कर रहे हैं।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सोनु निगम ने गाया श्रीराम भजन

**एजेंसियां**

**अयोध्या :** बॉलीवुड के जानमाने पार्श्वगायक सोनु निगम ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में श्रीराम का भजन गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम भक्तों का करीब 500 साल का इंतजार आज खत्म हो गया। भगवान श्री राम अब अयोध्या में विराजमान हैं। अयोध्या में रामलला के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए कई फिल्मी सितारे रामनगरी अयोध्या पहुंचे। सोनू निगम ने अपनी मधुर आवाज में 'राम सिया राम' गाना गाया। इस शुभ दिन पर सोनू निगम ने चौपायां गाकर सभी का दिल छू लिया। उनकी मधुर आवाज सुनकर वहां मौजूद सभी राम भक्त भक्ति में लीन हो गए। उन्होंने 'राम सिया राम' गाना के साथ राम मंदिर के माहौल को और भी भक्तिमय कर दिया। सोनू निगम ने अयोध्या में राम मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने पर खुशी व्यक्त की




और कहा कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह एक भावनात्मक क्षण था।

## अक्षय कुमार ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर देशवासियों को दी बधाई

**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर देशवासियों को बधाई दी है। अक्षय कुमार ने टाइगर श्रॉफ के साथ ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में अक्षय, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरे देशवासियों को बधाई दे रहे हैं। अक्षय कुमार ने कहा, नमस्कार मैं हूं अक्षय कुमार और मेरे साथ हैं मेरे दोस्त टाइगर श्रॉफ। हम दोनों की तरफ से आप सभी को जय श्री राम। आज का दिन सभी राम भक्तों के लिए बहुत बड़ा दिन है। कई सौ साल की प्रतीक्षा के बाद ये दिन आया है कि राम लला अपने घर अयोध्या में



आ रहे हैं। टाइगर श्रॉफ ने कहा, हम सबने बचपन से अपने घरों में मंदिर से जुड़ी बहुत कहानियां सुनी हैं।

लेकिन आज इस दिन को होते हुए देख पाना और जी पाना बहुत बड़ी बात है। हम वेट कर रहे हैं उस घड़ी की जब हम दीप जलाकर श्रीराम उत्सव मनाएंगे। हम दोनों की ओर से आपको और राम जी परिवार को इस पावन दिन की बहुत- बहुत शुभकामनाएं।

## प्रदेश >> अपडेट

### भाजपा ने राष्ट्रीय परिषद सदस्यों की नियुक्ति की

चंडीगढ़ : हरियाणा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने सोमवार को राष्ट्रीय परिषद सदस्यों की नियुक्ति की है। सैनी ने जिन सदस्यों की नियुक्ति की है उनमें पंचकूला से सुश्री बन्तो कटारिया, कुरूक्षेत्र से कृष्ण बेदी, भिवानी से शंकर धूपड़, यमुनानगर से सुश्री संगीता सिंघला, सिरसा से जगदीश चोपड़ा और हिसार से रवि सैनी शामिल हैं।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### धामी ने किया सूचना व लोक संपर्कविभाग के कैलेंडर का विमोचन

देहरादून : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अपने शासकीय आवास में सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के वार्षिक कैलेंडर 'सशक्त नेतृत्व, समृद्ध उत्तराखंड' का विमोचन किया। इस वार्षिक कैलेंडर के माध्यम से उत्तराखंड के सभी 13 जनपदों के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों, स्थानीय उत्पादों, प्राकृतिक सौन्दर्य, पौराणिक स्थलों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया। वार्षिक कलेण्डर के माध्यम से राज्य की पर्यटन नीति, सौर ऊर्जा नीति, सशक्त महिला समृद्ध प्रदेश, युवाओं के प्रति संवेदनशीलता एवं निवेश-रोजगार-समृद्धि के लिए सरकार द्वारा किये गये कार्यों की ओर लोगों के ध्यान आकर्षण के प्रयास किये गये। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गये नौ संकल्पों को राज्य स्तर पर क्रियान्वित करने के लिए कार्यों में तेजी लाई जाए। जल संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएं और इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। डिजिटल लेन-देन के लिए लोगों को जागरूक करने एवं स्वच्छता अभियान नियमित रूप से चलाने के भी उन्होंने निर्देश दिए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### आंध्र, यनम में हल्की से मध्यम बारिश के आसार

अमरावती : उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अगले चार दिनों के दौरान एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। यहां एक दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले सात दिनों के दौरान दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में और 26, 27 और 28 जनवरी को उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में शुष्क मौसम रहने के आसार हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश और यनम और रायलसीमा में शुष्क मौसम बना रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि रविवार और आज की मध्य रात को रायलसीमा के आरोग्यवरम में सबसे कम न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### सिरसा लोकसभा का संयोजक बनाये जाने भाजपा का आभार: चौटाला

चंडीगढ़ : राष्ट्रीय परिषद राज्य कृषि विपणन बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड अध्यक्ष आदित्य देवीलाल चौटाला ने सिरसा लोकसभा का संयोजक बनाये जाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट किया है। चौटाला ने उन्होंने कहा है कि राम मंदिर के शुभारंभ एवं प्राण प्रतिष्ठा के शुभ दिन पर उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वह इसके लिये स्वयं को बहुत सौभाग्यशाली मानते हैं। उन्होंने सिरसा का संयोजक बनाये जाने पर कहा कि पार्टी की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है, वे उस पर पूर्ण रूप से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में प्रदेश की भाजपा 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतेगी और श्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

युद्ध

## बंधकों की तलाश में इजरायल ने पर्चे गिराये

# गाजा युद्ध में अब तक पच्चीस हजार से अधिक मरे

- 132 बंधकों का अब तक पता नहीं चल पाया है
- नेतन्याहू से शेष बंधकों की रिहाई के लिए समाधान खोजने का आह्वान किया है



**एजेंसियां**

**गाजा:** हमास और इजरायली सेना के बीच जारी युद्ध में अब गाजा में मरने वालों की संख्या 25,000 से ऊपर पहुंच गयी है। इजराइल ने घेराबंदी के तहत फिलिस्तीनियों पर पर्चे गिराकर इजराइली बंधकों को ढूंढने में मदद मांगी। इजराइल ने गाजा के निवासियों से हमास द्वारा बंधक बनाए गए शेष बंधकों को खोजने में मदद के लिए पत्रक गिराए। इजराइल का कहना है कि 7 अक्टूबर को लिए गए 132 बंधकों का अब तक पता नहीं चल पाया है। घिरे हुए इलाके में जारी बमबारी के बीच गाजा में मरने वालों की संख्या 25,000 से अधिक हो गई है। इजरायली सेना ने गाजा में पर्चे गिराकर निवासियों से 7 अक्टूबर को हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों को ढूंढने में मदद मांगी है, क्योंकि घिरी हुई पट्टी पर बमबारी जारी है।

शनिवार को गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा में गिराए गए पर्चों में 33 बंधकों की तस्वीरें थीं और उनके नाम अरबी में लिखे गए थे। पर्चों में लिखा है, क्या आप घर लौटना चाहते हैं? यदि आप उनमें से किसी को पहचानते हैं तो कृपया कॉल करें। अक्टूबर में अचानक हुए हमले के बाद हमास ने लगभग 240 बंधकों को इजराइल से गाजा ले जाया था। तब से, अस्थायी संघर्ष विराम समझौतों के तहत 100 से अधिक बंधकों को रिहा किया गया है।

इजराइल का कहना है कि 132 बंधकों का पता नहीं चल पाया है, जिनमें से लगभग 27 को मृत माना जाता है। पर्चे राफा में गिराए गए, जहां दस लाख से अधिक फिलिस्तीनी एन्क्लेव में इजराइल रक्षा बलों और फिलिस्तीनी लड़ाकों के बीच तीव्र बमबारी और लड़ाई के बीच शरण ले रहे हैं। उत्तरी गाजा निवासी अबू अली ने बताया, वे लोगों से मदद मांग रहे हैं क्योंकि प्रतिरोध के कारण वे अपने बंधकों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

इस बीच, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल द्वारा हवाई बमबारी अभियान और जमीनी आक्रमण शुरू करने के बाद से 25,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। मंत्रालय मरने वालों की संख्या में नागरिकों और लड़ाकों के बीच अंतर नहीं करता है, लेकिन कहता है कि मारे गए लोगों में से लगभग दो-तिहाई महिलाएं और बच्चे थे, जो संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों से समर्थित है।

इजरायली बंधकों के परिवारों ने भी इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू से शेष बंधकों की रिहाई के लिए समाधान खोजने का आह्वान किया है। कई परिवारों ने शुक्रवार की रात को नेतन्याहू के आवासों में से एक के बाहर डेरा डालकर विरोध जताया, जिसे उन्होंने अपने पकड़े गए रिश्तेदारों को मुक्त कराने में सरकार की निष्क्रियता बताया। द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, एली शितवी, जिनका बेटा इदान बंधकों में से एक है, ने कहा, उन्हें बंधक प्रक्रिया से मुक्त करने के लिए पहल करने तथा युद्ध समाप्त करने की आवश्यकता है।

## मोहन यादव ने प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिर में की साफ सफाई



**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर आज दिन की शुरूआत तुलसी मानस प्रतिष्ठान स्थित श्री सिद्ध रघुनाथ मंदिर में साफ-सफाई तथा सेवा के साथ की। मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा अर्चना भी की। उन्होंने इस दौरान मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से भारतवंशी उत्साह में हैं। देश के साथ-साथ संपूर्ण विश्व का वातावरण राममय हो गया है। डॉ यादव ने कहा कि भारत के लिए आज का दिन बहुत सौभाग्य का दिन है। भगवान श्रीराम अयोध्या में भव्य और दिव्य गृह में प्रवेश कर गए हैं। उन्होंने कहा कि हम सब कामना करें कि प्रभु श्रीराम सबको सद्बुद्धि प्रदान करें। इस अवसर के माध्यम से भारत अपनी अच्छाइयों को दुनिया में प्रदर्शित करें और मानवता की सेवा में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और आगे बढ़े।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बीच मध्यप्रदेश भी "राममय"



**एजेंसियां**

**भोपाल :** अयोध्या में आज भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के मद्देनजर मध्यप्रदेश आज भी ''राममय'' है और प्रत्येक स्थान पर श्रद्धालु भगवान राम की भक्ति में नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस मौके पर यहां तुलसी मानस प्रतिष्ठान स्थित श्री सिद्ध रघुनाथ मंदिर में सफाई और पूजा अर्चना की। इसके बाद वे विशेष विमान से राजा राम की नगरी निवाड़ी जिले के ओरछा पहुंच गए। डॉ यादव वहीं पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर अयोध्या के कार्यक्रम का लाइव कवरेज देखेंगे। इस बीच प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय में मीडिया सेंटर की ओर से रामधुन और सफाईमित्रों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओरछा में रामराजा दरबार में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और मंदिर में दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 500 सालों के लगातार संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने राम मंदिर के लिए बलिदान देने वाले बलिदानियों का भी स्मरण किया और उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड जारी



**एजेंसियां**

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड जारी है और न्यूनतम तापमान ओर भी नीचे गिरने से शीत लहर का प्रकोप तेज हो गया है। श्रीनगर में सोमवार को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.3 डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में शून्य से नीचे 6.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। एक स्वतंत्र पर्यवेक्षक ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा और शोपियां जिले सबसे ज्यादा ठंड रही, जहां आज न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने कहा कि शहर में तापमान सामान्य शून्य से नीचे 2.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 3.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। शुष्क मौसम की स्थिति के बीच श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों में दिन में गर्मी जैसा मौसम का अहसास किया जा रहा है, क्योंकि सर्दियों के 'चिलिया कलां' में सूरज दिखाई देता है। श्रीनगर में एक दिन पहले अधिकतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य के 6.9 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 6.1 डिग्री सेल्सियस अधिक था। पर्यटन स्थल पहलगाम सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां पिछली रात के तापमान शून्य से नीचे 6.5 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से नीचे 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर में चरवाहों की घाटी में यह अभी भी सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस ऊपर था। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड का तापमान एक दिन पहले के शून्य से नीचे 5.0 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस नीचे रिकॉर्ड किया गया।

## युगांतकारी दिन है प्राण प्रतिष्ठा का: धनखड़

**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अयोध्या में श्री राम लला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को युगांतकारी दिन बताया है और राष्ट्रवासियों को इसकी शुभकामनाएं दी है। धनखड़ ने सोमवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि सर्वत्र राष्ट्रीय गौरव के पुनर्जागरण के उत्सव के पल का साक्षी बनना सुखद है। उन्होंने कहा, '' राम जन्मभूमि, ऐतिहासिक नगरी अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के इस युगांतकारी दिन पर बधाई। ग्यारह दिनों के कठोर अनुष्ठान के बाद, अयोध्या में राम लला के अभिषेक समारोह का मार्गदर्शन करने वाले अन्य यजमानों, संतों और द्रष्टाओं की उपस्थिति में पवित्र अनुष्ठान का नेतृत्व करते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक शुभकामनाएं।'' उप राष्ट्रपति ने कहा कि 22 जनवरी इतिहास में हमारे सभ्यतागत पथ में 'दिव्यता के साथ साक्षात्कार' के निर्णायक क्षण के रूप में अंकित है। उन्होंने कहा, '' इस दिन, आइए हम चारों ओर ज्ञान, शांति, सद्भाव और धार्मिकता लाने के लिए प्रभु श्री राम के सत्यनिष्ठा, क्षमा, पराक्रम, नम्रता, देखभाल और करुणा के मूल्यों को जीवन के तरीके के रूप में विकसित करने का संकल्प लें।''


घटना

## यूक्रेन ने घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है

# रूसी कब्जे के इलाके में हमला,पच्चीस लोगों की मौत

- यूक्रेन ने घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है
- बंदरगाह पर परिचालन रोक दिया है

**एजेंसियां**



**मॉस्को:** स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को बताया कि रूसी कब्जे वाले यूक्रेन में डोनेट्स्क शहर के बाहरी इलाके में एक बाजार में गोलाबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए। डोनेट्स्क में रूसी-स्थापित अधिकारियों के प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने कहा, उपनगर टेकस्टिलशचिक पर हमले में दो बच्चों सहित 20 लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि ये गोले यूक्रेनी सेना की ओर से दागे गए हैं। यूक्रेन ने घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है और दावों को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका है। पुशिलिन ने कहा, आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर काम करना जारी रखती हैं।

क्षेत्रीय अधिकारियों ने कहा कि रविवार को भी रूस के उस्त-लुगा बंदरगाह पर एक रासायनिक परिवहन टर्मिनल में दो विस्फोटों के बाद आग लग गई।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि बंदरगाह पर यूक्रेनी ड्रोन द्वारा हमला किया गया था, जिससे एक गैस टैंक में विस्फोट हो गया। आग सेंट पीटर्सबर्ग से 165 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में रूस की दूसरी सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस उत्पादक कंपनी नोवाटेक द्वारा संचालित साइट पर लगी थी। रूसी मीडिया आउटलेट आरबीसी को दिए एक प्रेस बयान में कंपनी ने कहा कि आग बाहरी प्रभाव का परिणाम थी। इसने यह भी कहा कि उसने बंदरगाह पर परिचालन रोक दिया है।रूस के किंगिसेप जिले, जहां बंदरगाह स्थित है, के प्रमुख यूरी जैपालात्स्की ने एक बयान में कहा कि कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन क्षेत्र को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

समाचार आउटलेट फॉन्टंका ने बताया कि रविवार सुबह सेंट पीटर्सबर्ग की ओर दो ड्रोन उड़ते हुए पाए गए थे, लेकिन उन्हें किंगिसेप जिले की ओर पुनर्निर्देशित किया गया था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने अपनी दैनिक ब्रीफिंग में किंगिसेप क्षेत्र में किसी भी ड्रोन गतिविधि की सूचना नहीं दी। इसमें कहा गया है कि रूस के स्मोलेंस्क क्षेत्र में चार यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए थे, और ओरीओल और तुला क्षेत्रों में दो और मार गिराए गए थे। रूसी अधिकारियों ने पहले पुष्टि की थी कि गुरुवार को सेंट पीटर्सबर्ग के बाहरी इलाके में एक यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया था।

यूक्रेन का दावा है कि रूस के लेनिनग्राद ओब्लास्ट के उस्त-लुगा में एक तेल टर्मिनल पर रात भर हुआ हमला यूक्रेन की एसबीयू सुरक्षा सेवा द्वारा किया गया एक विशेष अभियान था। यह टर्मिनल, जो रूसी सेना के लिए ईंधन प्रसंस्करण के लिए जिम्मेदार है, अब एक लक्ष्य बन गया है, जिससे रूसी रसद में और बाधा आ रही है। एसबीयू ड्रोन के सटीक हमलों ने एक बड़ी आग भड़का दी जो 21 जनवरी की सुबह तक भड़कती रही, जिससे रूसी अधिकारियों को सुविधा से कर्मियों को निकालने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## न्यूज फटाफट

### मस्क ने राष्ट्रपति चुनाव में बाइडेन को वोट देने की संभावना से किया इनकार

**वाशिंगटन:** अमेरिकी उद्यमी और अरबपति एलन मस्क ने 2024 के चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के लिए मतदान करने की संभावना से इनकार किया है। मस्क ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ''मैं इस बार खुद को श्री बाइडेन के लिए वोट करते हुए नहीं देख सकता।'' अमेरिकी अरबपति ने 2023 में सीएनबीसी को एक साक्षात्कार देते हुए अपने एक वीडियो के तहत टिप्पणी लिखी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि वह 'सामान्य ज्ञान वाले एक सामान्य व्यक्ति' को नए अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में देखना चाहेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पांच नवंबर को होंगे। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार के रूप में नामांकन के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अप्रैल 2023 में डेमोक्रेटिक पार्टी से पुनर्निर्वाचन के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की।

### चीन में बर्फीले तूफ़ान के लिए 'येलो अलर्ट' जारी

**बीजिंग :** चीन के मौसम विज्ञान प्राधिकरण ने सोमवार को देश के कुछ क्षेत्रों में भारी हिमपात के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि सोमवार दोपहर से मंगलवार दोपहर तक, हुनान, जियांग्शी, झेजियांग, फुजियान और गुआंग्शी के कुछ हिस्सों में बर्फिला तूफ़ान आएगा और हिमपात दो सेमी से छह सेमी तक पहुंचने के अनुमान हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, गुइझोउ, युन्नान और गुआंग्शी के कुछ हिस्सों में इस अवधि के दौरान जमने वाली बारिश होने के भी आसार हैं। मौसम विभाग ने यात्रियों और ड्राइवरों को बर्फीले मौसम के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है और स्थानीय अधिकारियों से सड़क, रेलवे, बिजली और दूरसंचार के संबंध में सावधानी बरतने का आग्रह किया है। चीन में चार स्तरीय, रंग-कोडित मौसम चेतावनी प्रणाली है। 'लाल' सबसे गंभीर मौसम का प्रतिनिधित्व करता है, उसके बाद 'नारंगी, पीला और नीला' होता है।

### चीन में भूस्खलन , 47 लोग दबे

**कुनमिंग :** दक्षिणी पश्चिम चीन के युन्नान प्रांत में सोमवार तड़के भूस्खलन से कुल 47 लोग दब गये। आपदा राहत मुख्यालय के मुताबिक 05:51 बजे झाओटोंग शहर के तांगफैंग टाउन के लियांगशुई गांव में हुए भूस्खलन के बाद 33 अग्निशमन वाहनों और 10 लोडिंग मशीनों के साथ 200 से अधिक बचावकर्मी लापता लोगों की खोज कर रहे हैं। अब तक 200 से अधिक निवासियों को मलबों से निकाला गया है। स्थानीय मौसम विभाग ने मंगलवार को शहर में हल्का हिमपात होने तथा न्यूनतम तापमान शून्य से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंचने का अनुमान जताया है।

### पाकिस्तान, सऊदी अरब ने संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण आयोजित किया

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के ओकारा जिले में रविवार को पाकिस्तानी सेना और रॉयल सऊदी लैंड फोर्सेज के बीच एक संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण शुरू हुआ। पाकिस्तानी सेना ने यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तानी सेना के मुल्तान कोर द्वारा ओकारा गैरीसन में आयोजित प्रशिक्षण के उद्घाटन पर दोनों देशों की टुकड़ियों ने उल्लेखनीय सैन्य अभ्यास का प्रदर्शन किया। इसमें कहा गया है कि संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से दोनों देशों के सैनिकों को कक्षा सत्रों और सामूहिक युद्ध कौशल में अपने कौशल को निखारने का अवसर मिलेगा। आईएसपीआर के अनुसार, उद्घाटन समारोह के अंत में दोनों पक्षों के अधिकारियों और सैनिकों को संयुक्त प्रशिक्षण के बैज लगाए गए।

### ईरानी शहर के औद्योगिक पार्क में भीषण विस्फोट

**तेहरान:** ईरान के सेमनान प्रांत के गर्मसर शहर के औद्योगिक पार्क में सोमवार सुबह एक भीषण विस्फोट की आवाज सुनी गई। यह जानकारी अर्ध-आधिकारिक मेहर समाचार एजेंसी ने दी। रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट का स्रोत अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने औद्योगिक पार्क में बचाव दल भेजे हैं। खबर के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में सेमनान प्रांत के औद्योगिक पार्कों और क्षेत्रों में यह चौथी घटना है और पिछली घटनाओं में चार लोग मारे गए थे।

### श्रीलंका में गोलीबारी की घटना में पांच लोगों की मौत

**कोलंबो :** श्रीलंका के दक्षिणी प्रांत बेलिएट्टा में सोमवार सुबह गोलीबारी की एक घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी। श्रीलंका पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता निहाल थल्दुवा ने कहा कि यह घटना दक्षिणी एक्सप्रेसवे पर बेलिएट्टा इंटरचेंज के पास हुई। उन्होंने बताया कि गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि गोलीबारी स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:45 बजे हुयी। यह घटना उस समय घटी जब एक अज्ञात समूह ने जीप में सवार दूसरे समूह पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। पुलिस ने आशंका जतायी है कि गोलीबारी की घटना को संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्यों ने अंजाम दिया है। श्रीलंका ने मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए 17 दिसंबर से एक अभियान शुरू किया है।

### केजरीवाल ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर लोगों को दी शुभकामनाएँ

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में प्रतिष्ठापन पर लोगों को शुभकामनाएँ दी। केजरीवाल ने एक्स पर कर कहा,''मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में प्रतिष्ठापन के इस पवित्र अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाईयाँ और शुभकामनाएँ।

## आज का इतिहास

- 1474 : पेंटाट्यूच यहूदियों की पवित्र पुस्तकें पहली बार प्रिंट की गईं। ये मूसा की बनाई पांच पुस्तकें थीं।
- 1565 : टेलीकोटा की लड़ाई के बाद संपन्न हिन्दू साम्राज्य विजयवाड़ा का पतन हो गया।
- 1664 : शिवाजी के पिता शाहूजी का निधन हो गया।
- 1897 : भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंकने वाले सुभाष चंद्र बोस का जन्म हुआ।
- 1920 : वायु परिवहन और वायु डाक सेवा की शुरुआत।
- 1926 : महाराष्ट्र की राजनीति की नब्ज समझने वाले बाल ठाकरे का जन्म हुआ।
- 1965 : दुर्गापुर इस्पात संयंत्र ने काम करना शुरू किया।
- 1973 : अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन द्वारा वियतनाम शांति समझौते की घोषणा।
- 1976 : गौतम बुद्ध के लापता शहर कपिलवस्तु को खुदाई के बाद ढूंढ निकाला गया।
- 1977 : इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस के खिलाफ आम चुनाव लड़ने के लिए कई राजनीतिक दलों को मिलाकर जनता पार्टी की स्थापना की गई।
- 1989 : ताजिकिस्तान में शक्तिशाली भूकंप में सैकड़ों लोगों की मौत।
- 1997 : अमेरिका की पहली महिला विदेश मंत्री मेडलीन अल्ब्राइट ने राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की सरकार में पदभार संभाला।
- 2002 : अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का पाकिस्तान के कराची से अपहरण कर लिया गया। बाद में उनकी हत्या कर दी गई।



# राम आये, भक्तिमय हुआ जग सारा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हरमू रोड काली पूजा स्वागत समिति द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर भव्य श्री राम दर्शन यात्रा निकाली गयी। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। काली पूजा प्रांगण से प्रारंभ होकर यह यात्रा गाड़ी खाना स्थित श्री राम मंदिर तक पहुंची। इस जत्थे में शामिल लोगों ने वहां पहुंचकर पूजा अर्चना की। यात्रा में शामिल लोगों के अलावा अपने अपने घरों से धार्मिक पोशाक में आयी महिलाओं ने इस शोभायात्रा में श्री राम ध्वज भी ले रखा था। इस धार्मिक यात्रा के दौरान भजन गायन के साथ साथ श्री राम को उद्घोष भी हो रहा था। सुबह करीब दस बजे से प्रारंभ हुई इस शोभा यात्रा में शामिल भक्तों के जयघोष की वजह से आने जाने वालों का ध्यान भी इस तरफ आकृष्ट हुआ। श्री राम मंदिर में पूजा अर्चना के बाद शोभा यात्रा पूजा समिति के प्रांगण में वापस लौटी। यहां पर प्रसाद वितरण किया गया। इस प्रसाद वितरण की विशेषता यह रही कि इस प्रसाद में श्री राम लड्डू का भी वितरण किया गया। राज्यसभा सांसद सह पूजा समिति के मुख्य संरक्षक दीपक प्रकाश खुद इन्हें अयोध्या से पूजन के पश्चात लाये थे। इन लड्डुओं को हाल ही में अयोध्या में पूजन के बाद बतौर भोग चढ़ाया गया था। वहां पर मौजूद हजारों श्रद्धालुओं के बीच हनुमान चालीसा का भी वितरण किया गया। इस आयोजन में समिति के संस्थापक अध्यक्ष प्रेम वर्मा के अलावा अनिल माथुर, ओम प्रकाश, मुकेश मुक्ता, सोनू सिंह, संजय लाल गुप्ता, राजू वर्मा, पप्पू वर्मा, सत्येंद्र वर्मा, भानू प्रताप और महिलाओं में सोनी माथुर, कुसुम वर्मा, सोनी देवी, प्रियंका देवी, मीना देवी, साधना देवी, रेणु सिंह के अलावा अन्य भक्तों की सक्रिय भागीदारी रही।

इससे पहले कल रात को भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उस कार्यक्रम में गायक विष्णु ने हर घ? में अब एक ही नाम और मंगल भवन अमंगल हारी जैसे गीत पेश किये। भजन गायक पार्श्व गायिका वीणा ने अपने भजन प्रस्तुत किये। वहां मौजूद श्रद्धालुओं को जमशेदपुर से आये भजन गायक त्रिलोचन सिंह ने झूमने पर मजबूर कर दिया। हालात कुछ ऐसे हुए कि भजन संध्या के गीतों को सुनने के लिए वहां से गुजरने वाले वाहनों पर सवार लोग भी गाड़ी रोककर भजन सुनते रहे। इस वजह से बीच बीच में यातायात भी बाधित हुआ। भजन के पश्चात करीब पांच सौ लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया, जिसमें हलवा, पुड़ी, चना और सब्जी का वितरण किया गया था।

















